श्री सदगुरू देवाय नमः ओ३म् जय माता दी सीताराम बाबा जी जय बाबा की श्याम बाबा ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!!

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 132 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦16 फरवरी 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in


# कृषि उपाधि लेने वाले छात्र बार्डर के जवान की तरह योद्धा : डोभाल

### पंतनगर विश्वविद्यालय का 34 वां दीक्षांत समारोह सम्पन्न, एनएसए अजीत डोभाल को दी गयी डाक्टरेट ऑफ साइंस की मानद उपाधि

पंतनगर (उद संवाददाता)।राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल पंतनगर विश्वविद्यालय के 34 में दीक्षांत समारोह में राज्यपाल गुरमीत सिंह ने डाक्टरेट ऑफ साइंस की मानद उपाधि प्रदान की। एनएसए के दीक्षांत समारोह में पहुंचने से छात्रों में भारी उत्साह नजर आया। गुरुवार को पंतनगर विश्व विद्यालय के 34 में दीक्षांत समारोह के अवसर पर विद्वत शोभा यात्रा का दीक्षांत पंडाल में प्रवेश हुआ, जिसमें विवि के लगभग चार सौ प्राध्यापकों ने शोभा यात्रा में प्रतिभाग किया। दीक्षांत समारोह में शैक्षणिक वर्ष 2020-21 व 2021-22 के यूजी के 1269, पीजी के 963 व पीएचडी के 271, कुल 2503 विद्यार्थियों दी उपाधि दी गई। साथ ही 26 स्वर्ण पदक, 22 रजत पदक व 22 कास्य पदक सहित विभिन्न अवार्ड भी प्रदान किए गए।इस बार 70 में से 48 पदकों पर छात्राओं ने कब्जा किया। वेटरिनरी स्नातक रोशनी व कृषि स्नातक सुरवि को कुलाधिपति स्वर्ण पदक मिला। वहीं राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल को राज्यपाल गुरमीत सिंह ने डॉक्टरेट ऑफ साइंस की मानद उपाधि प्रदान की। दीक्षांत समारोह में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने कहा, बॉर्डर में तैनात जवान की तरह ही कृषि



उपाधि लेने वाले छात्र योद्धा है। कहा कि खाद्य सुरक्षा राष्ट्रीय सुरक्षा का ही आयाम है। चीन में खेती कम फिर भी उत्पादकता हमसे अधिक। 15 फीसदी क्षेत्रफल में ही खेती होती है चीन में, फिर भी हम से 22% उत्पादकता अधिक है। एनएसए ने अगले 10 वर्ष में भारत को विश्व में खाद्य उत्पादकता के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ बनाने का आह्वान किया। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने कहा कि पंत विश्वविद्यालय हमारे राष्ट्र का गौरव है। विवि ने देश की सेवा उस समय पर को थी, जब देश आजाद हुआ था। जब भारत का विभाजन हुआ तो 22 मिलियन हेक्टर भूमि पाकिस्तान में चली गई। उपजाऊ भूमि चली गई। जिससे 35 करोड़ की जनता के लिए अन्न पर्याप्त नहीं था। आजादी के समय देश मे 50 मिलियन टन खाद्यान उत्पादन हुआ था, जो वर्तमान में बढ़कर 340 मिलियन टन उत्पादन हो रहा है। पंत विवि की वजह से देश खाद्यान्न में न केवल आत्मनिर्भर हुआ, बल्कि निर्यात भी कर रहा है। इस विश्वविद्यालय का और यहां के शोध कर्ताओं का अहम योगदान है। यहां से 1960 से विज्ञानी निकल रहे हैं। जिस वक्त देश आजाद हुआ इस वक्त चीन और भारत का उत्पादन बराबर थी। चीन का क्षेत्रफल भारत से अधिक है, लेकिन चीन में सिर्फ 15 प्रतिशत भूमि पर खेती होती है।वर्तमान में भारत में 1 .7 मिलियन स्क्वायर मीटर क्षेत्रफल में और चीन ने 1.4 मिलियन स्क्वायर भूमि में खेती होती है, लेकिन चीन का उत्पादन हमारे यहां से तीन गुना ज्यादा होता है। डोभाल ने कहा भारत के कृषि भूमि से कम चीन (शेष पृष्ठ सात पर)

## टैंट के गोदाम में आग लगने से लाखों की क्षति

देहरादून (उद संवाददाता)। धर्मपुर चौक के पास एक टेंट गोदाम में भीषण आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंची। दमकल




की टीम ने आग पर काबू पाया। आग लगने से लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार, देहरादून में धर्मपुर चौक के पास स्थित एक टेंट गोदाम में बुधवार देर रात अचानक आग लग गई।आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग लगने से सिलिंडर भी ब्लास्ट हुआ, जिससे आग ने विकराल रूप ले लिया। दमकल विभाग की पांच गाड़ियों ने कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फिलहाल आग लगने की वजह का पता नही चल पाया है। अग्निकाण्ड में लाखों की क्षति का अनुमान है।

## ड्रोन से टीबी की दवा भेजने का परीक्षण सफल

### ऋषिकेश से आधा घंटे में टिहरी अस्पताल दवा लेकर पहुंचा ड्रोन

ऋषिकेश (उद संवाददाता)।एम्स ऋषिकेश से टीबी के मरीजों को ड्रोन से दवा भेजने का ट्रायल सफल रहा। ड्रोन ऋषिकेश से आधे घंटे में टिहरी अस्पताल में दवा लेकर पहुंचा। वापसी में यह ड्रोन मरीजों के सैंपल लेकर एम्स में जांच के लिए लेकर लौटा। इसी के साथ एम्स ऋषिकेश ड्रोन से दवा भेजने का ट्रायल करने वाला देश का पहला एम्स बन गया। गुरुवार को ऋषिकेश एम्स से ड्रोन के माध्यम से जिला अस्पताल बौराडी टीबी की दवाई पहुंची। ड्रोन दो किलो दवाई लेकर पहुंचा। ड्रोन 3.5 किलो भार उठा सकता है और एक बार में 100 किलोमीटर तक उड़ान भर



सकता है। यह ड्रोन पूरी तरह ऑटोमेटिक संचालन है। केवल रूट मैप फीड करने की जरूरत है। इसके अलावा पक्षियों से बचाव के लिए ड्रोन में सेंसर लगे है। एम्स ऋषिकेश की कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर मीनू सिंह ने बताया कि ड्रोन के माध्यम से दवा मिशन की शुरुआत करते हुए उत्तराखंड के दुर्गम पर्वतीय क्षेत्र में टीबी से ग्रसित मरीज को दवा भेजने का संकल्प धरातल पर(शेष पृष्ठ सात पर)

## हादसे में घायल युवक की मौत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।करीब एक सप्ताह पूर्व शांतिपुरी गेट के पास बाईक व पिकअप के मध्य हुइ भिड़ंत में घायल बाईक सवार की उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने आरोपी पिकअप चालक के खिलाफ मामला दर्ज करा दिया है। दर्ज रपट में धर्मेन्द्र पुत्र घनश्याम सिंह निवासी नगला, गोलगेट चौराहा, पंतनगर ने कहा है कि 10 फरवरी को उसका छोटा भाई गुलाब अपने निजी कार्य से मोटर साईकल संख्या यूके 06 बीसी 2268 से किच्छा की ओर जा रहा था। जैसे ही वह शांतिपुरी गेट के पास पहुँचा तो पीछे से आर रही पिकअप संख्या यूके 06 सीबी 1826 के चालक ने मोटर साईकल में टक्कर(शेष पृष्ठ सात पर)

## बेहड़ का हुआ किडनी ट्रांसप्लांट ,दुआओं के लिए उठे हाथ

रूद्रपुर/किच्छा(उद संवाददाता)। किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ का आज दिल्ली में किडनी ट्रांसप्लांट हुआ। मुख्यालय रूद्रपुर में व्यापारियों तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में हवन यज्ञ का आयोजन समय से खराब चल रहा है। बावजूद इसके वह क्षेत्र वासियों की समस्याओं को सुनने तथा उनका समाधान करने को चिंतित व्यापारियों तथा कांग्रेस ने हवन यज्ञ कराकर उनके स्वास्थ्य लाभ व दीर्घायु की कामना की गई। इस अवसर







रूद्रपुर किच्छा समेत कई स्थानों पर बेहड़ के स्वास्थ्य लाभ के लिए मंदिर, गुरूद्वारों में प्रार्थना की गयी। वहीं मुस्लिम समाज के लोगों ने मजारों पर दुआ मांगी। जिला किया। जिसमे भरी संख्या में व्यापारियों व कांग्रेसजनो ने भाग लेकर हवन कुंड में आहुतियां अर्पित की। गौरतलब है कि विधायक श्री बेहड़ का स्वास्थ्य पिछले काफी भ्रमण कर रहे हैं। इतना ही नहीं क्षेत्र के विकास कार्यो को भी निरंतर गति दे रहे हैं। श्री बेहड़ का दिल्ली व हरियाणा में उपचार भी चल रहा है। उनके स्वास्थ्य से पर व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, कांग्रेस अध्यक्ष जगदीश तनेजा, ओम प्रकाश अरोरा,केवल बत्रा, राजकुमार सीकरी, पवन गाबा(शेष पृष्ठ सात पर)

## बेहड़ के छोटे पुत्र सौरभ ने पिता के लिए दी किडनी

रुद्रपुर। पूर्व कैबिनेट मंत्री और किच्छा से कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ का गुरूवार को दिल्ली में किडनी ट्रांसप्लांट हुआ। जो सफल रहा है। उनके छोटे पुत्र सौरभ बेहड़ ने उन्हें किडनी डोनेट की। बता दें तिलकराज बेहड़ विधानसभा चुनाव के बाद से ही किडनी की गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं। गुरूवार को दिल्ली एम्स में उनका किडनी ट्रांसप्लांट हुआ। उनके छोटे पुत्र सौरभ बेहड़ ने उनको किडनी डोनेट की। तराई के कद्दावर नेता तिलकराज बेहड़ के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए जगह जगह प्रार्थनाएं की जा रही है। बता दें बेहड़ पांच बार विधायक चुने गये हैं। 1993 और 1996 में उत्तर प्रदेश रहते हल्द्वानी विधानसभा क्षेत्र से, 2002 और 2007 में उत्तराखंड के रुद्रपुर- किच्छा विधानसभा क्षेत्र से और 2022 में कांग्रेस के टिकट पर किच्छा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव जीते। उत्तराखंड गठन के बाद वर्ष 2000 में वह मंडी परिषद के अध्यक्ष, 2001 में फूड एंड ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर, 2,000 से 2007 तक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, 2007 से 2012 तक उपनेता प्रतिपक्ष के साथ 2014 से 2017 तक बीज प्रमाणीकरण के अध्यक्ष रहे। इन विभिन्न पदों पर रहकर (शेष पृष्ठ सात पर)

## गोदाम से पम्प चोरी करता रंगे हाथ पकड़ा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दुकान से निकाले गये कर्मी को दुकान स्वामी ने गोदाम से पम्प चोरी करते रंगे हाथ पकड़ लिया जबकि उसके साथी मौके से फरार हो गये। पुलिस ने पकड़े गये चोर को अपनी हिरासत में लेकर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। दुकान स्वामी कवलजीत सिंह पुत्र धर्मेन्द्र सिंह बठला निवासी मेन मार्केट भगत सिंह चौक गल्ला मण्डी रोड ने दर्ज रपट में कहा है कि उसकी दुकान भगत सिंह चौक गल्ला मण्डी में बठला पम्प एण्ड सेनेटरी स्टोर के नाम से है व गोदाम भूरारानी रोड पर है। उसके गोदाम पर काम करने वाला सुभाष शील व उसके साथी असीम शील व अलोक द्वारा पिछले काफी समय से लगातार चोरियां की जा रही थी। शक होने पर सुभाष शील को 3 माह पहले काम से निकाल दिया गया था। 15 फरवरी की शाम उक्त तीनों लोग फिर उसके गोदाम में घुसकर चोरी कर 3 पम्प लेकर जा रहे थे। जिनको उसने (शेष पृष्ठ सात पर)

## हैड कांस्टेबल की डीपी लगाकर रुपये ठगने वाला गिरफ्तार

सितारगंज(उद संवाददाता)। हेड कॉन्स्टेबल की डीपी लगाकर परिचितों से एक लाख रुपये ठगने के आरोपी को पुलिस ने उत्तर प्रदेश के मथुरा से गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में एक आरोपी की तलाश जारी है। इसके लिए पुलिस टीम का गठन किया गया है। कोतवाली सितारगंज में हेड कॉन्स्टेबल पद पर तैनात नरेंद्र कुमार यादव ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने मोबाइल संख्या -7534868933 व -8982196722 का प्रयोग कर व्हाट्सएप की डीपी उनकी फोटो लगा ली। ठगों ने उनका मोबाइल हैक कर



परिचितों को मैसेज भेजा। संदेश के माध्यम से रुपये की मांग की गई। कॉन्स्टेबल के कई परिचित लोगों ने लगभग करीब एक लाख रुपये ठग के बताये अनुसार गूगल पे और फोन पे के माध्यम से भेज दिए। जालसाज ने गूगल पे नम्बर से अमित भारद्वाज मार्ग मालवीय नगर जयपुर में रुपये मंगाए हैं। नरेंद्र यादव की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही थी। इस पर टीम राजस्थान भेजी गई। वहां बैंक डिटेल से पता चला कि मथुरा में एचडीएफसी बैंक के एटीएम से रुपये निकले गए हैं।इस पर टीम ने सीसीटीवी फुटेज से आरोपी की पहचान रविंद्र सिंह पुत्र रोहतान सिंह निवासी मुरसेरस, थाना गोवर्धन जिला मथुरा के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 10200 रुपये, दो एटीएम कार्ड बरामद किए गए हैं। इसके अलावा एक अन्य आरोपी काडू उर्फ अख्तर वसीम की तलाश पुलिस (शेष पृष्ठ सात पर)

# धामी कैबिनेट में कई अहम फैसले: स्टार्टअप नीति 2023 को मंजूरी

## विधानसभा का सत्र 13 से 18 मार्च के बीच भराड़ीसैण में होगा

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को मुख्यमंत्री आवास पर प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक हुई। कैबिनेट बैठक में 52 मामले आए। अगले विधानसभा का सत्र 13 से 18 मार्च के बीच गैरसैण भराड़ीसैण में होगा। रेरा का ढांचा, 31 पद सृजित किये गए। दिव्यांग बच्चों की शिक्षा के लिए स्कूल 3000 वर्ग मीटर सरकारी भूमि में पुरकुल में खुलेगा। आवास- मसूरी में पीडब्ल्यूडी के गेस्ट हाउस की जगह मल्टी स्टोरी पार्किंग बननी है। उसे 15 मीटर तक बनाने की शिथिलता दी गई। ऋषिकेश एम्स की ब्रांच किच्छा के पास खुल रही है। इसकी बाउंडरी के चारों तरफ 1 किलोमीटर में मास्टर प्लान के तहत तब तक निर्माण पर रोक। सहसपुर के राजकीय। आईटीआई को लैब बनेगी। बंदीरक्षक कारागार के नियुक्ति प्राधिकारी बदले। खेल कूद- मुख्यमंत्री खेल विकास निधि- को देखने के लिए समिति बनाई गई। सीएम की अध्यक्षता में। छह सदस्यीय। सीएस, सचिव खेल भी सदस्य। स्टार्टअप नीति 2023 को मंजूरी। सभी प्रदेशों की नीतियों को देखने के बाद ये बनाई गई है। इससे उत्तराखंड को लाभ मिलेगा। दिल्ली से यहां आकर स्टार्टअप काम करेंगे। एमएसएमई ख्र निजी क्षेत्र में औद्योगिक विकास को नीति। प्राइवेट डेवेलोपर निजी इंडस्ट्रियल एस्टेट बना सकेंगे। इन्वेस्टमेंट का 2% सरकार खर्च करेगी। सिडकुल के साथ एस्क्रो एकाउंट खुलेगा। निवेशक पहाड़ में 2 एकड़ और मैदान में 30 एकड़ में इंडस्ट्रियल एस्टेट बना सकेगा। सिविल कोर्ट परिसर खटीमा में अधिवक्ता चौंबर के लिए लीज पर जमीन 90 साल के लिए दी जाएगी। सिंगल यूज




प्लास्टिक120 माइक्रोन बैन हुआ था। भारत सरकार की नीति के हिसाब से बदलाव किए गए। आयुर्वेदिक महाविद्यालय के प्रिंसिपल के रिटायरमेंट की अवधि 60 से बढ़ाकर 65 वर्ष की गई। अब दो दुधारू पशु भी स्वीकार होंगे। सब्सिडी सामान्य वर्ग की 50%, एससी की 75%। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए 285 विशेष शिक्षकों के पद सृजित किए। गृह विभाग- मुख्यालय पर लिपिकीय वर्ग का एकीकरण किया गया। अर्थ एवं संख्या विभाग में अपर निदेशक का पद सृजित। देहरादून में नियो मेट्रो- सभी विभाग 1 रुपये में 99 साल के लिए जमीन मेट्रो के लिए उपलब्ध कराएगा। गन्ना विकास- खंडसारी नीति- खंडसारी मालिक को न चल पाने पर लेट फीस से राहत। परिवहन निगम 100 बसें खरीदेगा। इसके लिए 30 करोड़ लोन लिया जाएगा। जिसका ब्याज सरकार देगी। रवाई जौनपुर संस्कृति जन कल्याण समिति को जमीन कृषि- स्टेट मिलेट मिशन को स्वीकृति। मंडुआ को 73.16 करोड़ की कार्ययोजना से खरीदा जाएगा। अब 35.16 रुपये प्रति किलो पर खरीदा जाएगा। राशन के साथ 1 किलो, उधमसिंह नगर, हरिद्वार, नैनीताल और देहरादून में दिया जाएगा। 1 रुपये पर दिया जाएगा मिड डे मील में भी 40 सप्ताह तक बच्चों को दिया जाएगा। श्रम विभाग- 20 दिन में पंजीकरण न किया तो स्वत: माना जायेगा। पर्यटन- फारेस्ट में पर्यटन को बढ़ावा देने को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में इको टूरिज्म समिति बनाई गई। इसमें पर्यटन सचिव भी होंगे। पर्यटन संबंधी समस्याओं का भी समाधान करेगी। ग्राम विकास विभाग- छोटे सेल्फ हेल्प ग्रुप के उत्पादों की मार्केटिंग को बढ़ाने के लिए राज्य स्तरीय संस्था बनाने का निर्णय लिया गया है। ये देखेगी की बाजार में कोस तरह से उत्पाद बिक रहे। हरिद्वार में पर्सनल रैपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम पीआरटी की डीपीआर बन गई। कैबिनेट ने औपचारिक अनुमोदन दे दिया है। इसके सफल होने के बाद अन्य शहरों में भी। 20.4 किलोमीटर के 4 रूट । राजस्व विभाग- कम्प्यूटरीकरण के तहत नियमावली में संशोधन। एमएसएमई- उत्तराखंड में पैकेज की नीति। 200 करोड़ से ऊपर और 500 से ज्यादा रोजगार वालों को सरकार विशेष राहत देगी। सितारगंज चीनी मिल को लीज पर देने के लिए- पेराई सत्र खत्म होने के बाद दे दी जाएगी। 35 से 37 करोड़ की बचत के साथ ही उद्योगपति 5 करोड़ 30 साल के लिए सरकार को देगा। वीआरएस के बाद बचे हुए करीब 32 कर्मचारी समायोजित होंगे। जिला खनिज न्यास में जमा होने वाली राशि 15% की जाए। भारत सरकार के निर्देश को औपचारिक अनुमोदन दिया। पीएम पोषण योजना के तहत स्कूलों में कक्षा 1 से 8 तक सप्ताह में दो दिन मीठा दूध दिया जाएगा। सिंगल यूज प्लास्टिक पर पाबंदी पर बंद होने वाले उद्योगों को एमएसएमई पॉलिसी के साथ ही 10% अलग से टॉपअप दिया जाएगा। सभी को विकल्प देना होगा उत्पाद का।जमीनों के सर्कल रेट, तीन साल बाद रिवीजन हुआ कुछ क्षेत्रों में सर्कल रेट कम हुए लेकिन कई जगह पर बढ़ाई गई। कोई आपत्ति आई तो मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समिति सुनेगी और सीएम को निर्णय लेने को अधिकृत किया गया। पहाड़ में 15% तक बढ़े। 57 हजार क्षेत्र में 86% 49 हजार एरिया में 50% तक 5% क्षेत्रों में 100 या इससे अधिक प्रतिशत की बढ़ोतरी। वाहन खरीद पॉलिसी 2023। 2016 में नीति थी। अब संशोधित की गई है। 25 लाख की सबसे महंगी गाड़ी इवी 35 लाख। सितारगंज में एक एक्वा पार्क बनेगा। इसमें मछली से जुड़ी हर गतिविधि होगी। राजस्व विभाग ने इसके लिए 41 एकड़ जमीन मत्स्य विभाग को दी। आईटीआई में लेटेस्ट ट्रेंड के टीचर नहीं हैंङ्ग इसलिए डोमेन एक्सपर्ट को हायर किया जाएगा। बाजार की जरूरत के हिसाब से।यूजेवीएनएल के वार्षिक प्रतिवेदन को विधानसभा में रखने को मंजूरी नकल रोधी कानून को औपचारिक अनुमोदन। अब विधानसभा में आएगा। लोक सेवा आयोग में अपर निजी सचिव की नियमावली में संशोधन। प्रांतीय रक्षक दल सेवा नियमावली में संशोधन। अब तक यूपी की थी। अब उत्तराखंड की बनाई गई। 55 व्यायाम प्रक्षिक्षक, 28 अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी। उनकी फिटनेस भी देखी जाएगी। उत्तराखंड में एसडीएम के 26 नए पद सृजित। नियमावली के हिसाब से आएंगे। अब 199 एसडीएम का कैडर हो जाएगा प्रांतीय रक्षक दल सेवा नियमावली में संशोधन। अब तक यूपी की थी। अब उत्तराखंड की बनाई गई। 55 व्यायाम प्रक्षिक्षक, 28 अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी। उनकी फिटनेस भी देखी जाएगी नैनी सैणी एयरपोर्ट को वायुसेना को दिया जाएगा। हमारी फ्लाइट भी चलेंगी। जैसे चंडीगढ़, प्रयागराज एयरपोर्ट है। बीईसीआईएल को उत्तराखंड में काम करने को स्वीकृति दी गई है। सिंचाई विभाग के चौनल निर्माण में एचटीपीई पाइप लगाई जाएगी। नदियों के किनारे रहने वाले लोगों के पुनर्वास को नीति बनेगी। हाई एल्टीट्यूड में साहसिक खेलों के लिए केंद्र खुलेगा। प्रवारोहियो के लिए ऑनलाइन परमिशन। उत्तराखंड की गुफाओं में पर्यटन को काम होगा। जीएमवीएन और केएमवीएन का विलय होगा। तीन माह का समय दिया गया। निगम की परिसंपत्तियों को चिन्हित करके उनसे राजस्व को नीति बनेगी। कम्युनिटी रेडियो विकसित होंगे हर की पौड़ी का कॉरिडोर महाकाल उज्जैन की तरह विकसित होगा। इंफ्रास्ट्रक्चर को ड्रोन से देखा जाएगा। 1 करोड़ से ऊपर लागत के लिए अनिवार्य। पटाल बाजार अल्मोड़ा को नैनीताल के माल रोड की तरह विकसित किया जाएगा। शहरों क्षेत्रों में पार्क, दुकान, सड़क को पहाड़ी शैली में विकसित किया जाएगा। शहरों में कन्जेशन बढ़ाने वाले विभागों को बाहर किया जाएगा।. जिला योजना में 3 लाख से कम का काम नहीं लिया जाएगा। इसकी गतिविधियों का कलेंडर बनेगा। सड़कों पर क्रश बैरियर बनेंगे। दो साल के भीतर चौबटिया रानीखेत के उद्यान को आयुष हब। फारेस्ट विभाग से रोजगारपरक योजनाएं। 2 पहिया एम्बुलेंस भी चलेंगी। 18. इंडो नेपाल गूंजी में नई उप तहसील बनेगी।

## निजी क्षेत्र में भी खोले जाएंगे औद्योगिक आस्थान

देहरादून। देहरादून(उद संवाददाता)। प्रदेश में मजबूत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के विकास, रोजगार सृजन और धनोपार्जन के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए स्टार्ट अप नीति को कैबिनेट ने मंजूरी प्रदान कर दी है। इसके अंतर्गत आगामी पांच वर्षों में प्रौद्योगिकी संचालित उद्यमों सहित 1000 स्टार्टअप के विकास को बढ़ावा दिया जाएगा। मान्यता प्राप्त स्टार्टअप या छात्र-उद्यमी स्टार्ट अप, जिनकी परियोजना टास्क फोर्स द्वारा अनुमोदित होंगी, उन्हें 15000 रुपये प्रति स्टार्ट अप मासिक भत्ता और ग्रामीण प्रभाव वाले स्टार्टअप को 20 हजार रुपये मासिक भत्ता दिया जाएगा। स्टार्टअप की निवेशकों तक आसान पहुंच के लिए 200 करोड़ रुपये के वेंचर फंड की स्थापना भी की गई है। बुधवार को कैबिनेट ने उत्तराखंड स्टार्ट अप नीति को मंजूरी प्रदान की। नीति में स्कूल कालेज के स्तर पर ही नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए छात्र-उद्यमी स्टार्ट अप को बढ़ावा दिया जाएगा। मान्यता प्राप्त स्टार्ट अप को 10 लाख रुपये तक की एकमुश्त सीड फंडिंग दी जाएगी। महिला उद्यमी और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, दिव्यांग, ट्रांसजेंडर व ग्रामीण प्रभाव वाले स्टार्ट अप को 12.5 लाख रुपये की सीड फंडिंग होगी। नवाचार का पेटेंट करने पर इसके लिए एक लाख रुपये तक की राशि प्रति पेटेंट और अंतरराष्ट्रीय पेटेंट के लिए पांच लाख रुपये प्रति पेटेंट दिया जाएगा। ट्रेड मार्क आवेदन दाखिल करने पर 10 हजार रुपये प्रति ट्रेडमार्क की प्रतिपूर्ति की जाएगी। नए इंक्यूबेशन केंद्रों को अधिकतम एक करोड़ एवं विस्तारीकरण पर 50 लाख रुपये की सहायता दी जाएगी। प्रदेश में अब उद्योगों की स्थापना के लिए भूमि की कमी सामने आ रही है। इसे देखते हुए सरकार ने अब निजी क्षेत्र में उद्योग विभाग के सहयोग से औद्योगिक आस्थान खोलने का निर्णय लिया है। इसके लिए प्रस्तावित नीति को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। इस नीति के तहत निजी औद्योगिक क्षेत्र स्थापित करने के लिए पर्वतीय क्षेत्र में दो एकड़ और मैदानी क्षेत्र में 30 एकड़ जमीन की आवश्यकता होगी। यहां की सड़क, पानी और बिजली आदि की व्यवस्था औद्योगिक विकास विभाग करेगा। इसमें यह भी स्पष्ट किया गया है कि बाहरी व्यक्ति भी निजी औद्योगिक अस्थान खोल सकता है। हालांकि, इसके लिए उसे स्थानीय व्यक्तियों को साथ लेकर सोसायटी या ट्रस्ट बनाकर कार्य करना होगा। बुधवार को कैबिनेट ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग की निजी क्षेत्र में औद्योगिक आस्थानों, क्षेत्रों की स्थापना के लिए नीति को मंजूरी दी। विभाग में पहले भी पर्वतीय क्षेत्रों में दो एकड़ भूमि पर निजी क्षेत्र द्वारा औद्योगिक आस्थान खोलने की व्यवस्था है, लेकिन मैदानी क्षेत्र के लिए कोई नीति नहीं बनाई गई थी। इस नीति में स्पष्ट किया गया है कि विनिर्माण उद्योग के साथ ही वस्त्र, एरोमा, ऑटोमोबाइल, आईटी, एयरोस्पेस एवं रक्षा, मेडिसिटी, फिल्म क्षेत्र आदि के विकास के लिए निजी क्षेत्रों को भी प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके तहत आईटी पार्क अथवा बायोटेक्नोलॉजी पार्क के लिए न्यूनतम 18 हजार वर्ग मीटर निर्मित क्षेत्रफल होना आवश्यक होगा। मैदानी क्षेत्र में वृहद औद्योगिक आस्थानों में न्यूनतम 10 स्वतंत्र इकाइयां तथा पर्वतीय क्षेत्र में मिनी औद्योगिक आस्थानों में न्यूनतम पांच स्वतंत्र इकाइयों की स्थापना के लिए भूमि दी जानी आवश्यक होगी। निजी क्षेत्र को सरकार बुनियादी ढांचे के विकास को 10 लाख रुपये प्रति एकड़ और सीईटीपी संयंत्र पर किए जाने पर अचल पूंजी निवेश का 40 प्रतिशत व अधिकतम एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता देगी।

## केदारनाथ पुनर्निर्माण की तर्ज पर जोशीमठ की पुनर्वास नीति पर मुहर

देहरादून। कैबिनेट की बैठक के बाद मुख्य सेवक सदन में हुई ब्रीफिंग में मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधू और सचिव आपदा प्रबंधन ने मीडिया से बातचीत में यह जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि नीति के तहत भवन मुआवजे की दरों का निधारिण कर दिया गया है। पुनर्वासित होने वाले परिवारों के आवासीय भवनों की लागत सीपीडब्लूडी की प्लिंथ एरिया दरों में दर सूचकांक लगाकर निकाली जाएगी। भवन की लागत में से प्रभावित भवन के मूल्यह्रास की धनराशि घटाने के बाद शेष धनराशि का मुआवजा दिया जाएगा। इसके साथ ही भू-भवन स्वामियों को तीन विकल्प भी दिए गए हैं। कैबिनेट ने केदारनाथ पुनर्निर्माण की तर्ज पर जोशीमठ में दुकान और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान (होटल, ढाबे आदि) के भवनों के मुआवजे के निर्धारण के लिए क्षति के आधार पर पांच श्रेणियां तय की हैं। इसके तहत पांच लाख रुपये तक की क्षति की पूर्ण राशि मिलेगी, जबकि इसके बाद क्षति के आधार पर 10 से 40 प्रतिशत तक मुआवजा दिया जाएगा। इसके साथ ही इन भवन स्वामियों के लिए भी तीन विकल्प रखे गए हैं। चमोली जिले में आपदा का दंश झेल रहे जोशीमठ के आपदा प्रभावितों के स्थायी विस्थापन और भूमि व भवन के मुआवजे के संबंध में पुनर्वास नीति पर कैबिनेट ने मुहर लगा दी है। इस कड़ी में भवन मुआवजे की दरें तय कर दी गई हैं। आवासीय भवनों का मुआवजा केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) की प्लिंथ एरिया दरों के आधार पर दिया जाएगा। दुकान व व्यावसायिक भवनों के मुआवजे के निर्धारण को क्षति के आधार पर पांच श्रेणियां बनाई गई हैं। दोनों ही मामलों में भवन मुआवजे को तीन-तीन विकल्प रखे गए हैं, जिन प्रभावित परिवारों के पास भूमि व भवन के स्वामित्व के वैध अभिलेख नहीं हैं, उन्हें भी पानी, बिजली, जलकर, सीवर कर आदि के बिल व शपथ पत्र के आधार पर मुआवजा दिया जाएगा।

## बेरोजगार संघ के प्रदेश अध्यक्ष बॉबी पंवार जेल से रिहा

### जोरदार बहस के बाद कोर्ट ने हटाई धारा 307 सभी आरोपियों की सशर्त जमानत मंजूर

देहरादून(उद ब्यूरो)। आखिरकार पिछले सात दिन से चल रही लंबी जद्दोदहज के बाद उत्तराखंड बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बॉबी पंवार सहित अन्य साथियों को सशर्त जमानत मिल गई है।



देर सायं सिद्धूवाला जेल से बॉबी की रिहाई हुई। इस दौरान भारी संख्या में पहुंचे युवाओं ने उनका स्वागत किया। जेल से रिहा होने के बाद बॉबी पंवार ने देहरादून जिलाबार एसोसिएशन के पदाधिकारियो और आंदोलित युवाओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने मीडिया कर्मियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश को बनाने में राज्य आंदोलकारियों ने शहादत दी थी अब प्रदेश के बेरोजगारों के हितों की सुरक्षा के लिये आगे भी संघर्ष किया जायेगा। गौरतलब है कि देहरादून में आंदालित युवाओं के धरना प्रदर्शन के दौरान पुलिस की लाठीचार्ज और पथराव की घटना के मामले में गिरफ्तार आरोपी युवाओं की जमानत के लिए सीजेएम लक्ष्मण सिंह की कोर्ट में बुधवार को दिन भर कोर्ट रूम में बहस का दौर चलता रहा। पुलिस पक्ष और बचाव पक्ष दोनों की ओर अपनी- अपनी दलीलें पेश की गई। बॉबी समेत सात की जमानत पर मंगलवार को फैसला टल गया था। बुधवार को सुनवाई हुई। विडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से बॉबी पंवार औक उनके साथियों को पेश किया गया। सीजेएम कोर्ट में बॉबी समेत सभी आरोपियों पर जानलेवा हमले की धारा लगाने और छह आरोपियों की जमानत रद्द करने की मांग पर हुई बहस। पुलिस की तरफ से कोर्ट में घायल पुलिस कर्मियों के मेडिकल रिपोर्ट पेश की गई। इन पुलिस कर्मियों पर जानलेवा हमले का तर्क दिया गया। बचाव में अभियोजन पक्ष की इस दलील का विरोध करते हुए इस रिपोर्ट पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि अगर पुलिसकर्मी घायल थे तो अधिकारियों ने बाद में उनसे ड्यूटी क्यों कराई। इसके बाद छह आरोपियों की जमानत रद्द करने पर कोर्ट में जोरदार बहस हुई। बचाव पक्ष के वकील ने कहा कि ना ही उनके मुव्वकिल ने किसी पर जानलेवा हमला किया। ना ही किसी को जानलेवा हमले के लिए उकसाया या कोई भी भड़काऊ भाषण नहीं दिया। पुलिस द्वारा जो धाराएं लगाई गई हैं वो महज उनके मुव्वकिल को जेल में रखने के लिए जानबूझ कर लगाई गई हैं। जबकि अभियोजन पक्ष का ये तर्क था कि बॉबी पंवार के साथियों ने ही पुलिस पर हमला किया तथा इनके बाहर आने पर कानून व्यवस्था खराब हो सकती है। इस पर माननीय न्यायालय का कहना था कि कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस का दायित्व है। और कानून व्यवस्था तोड़ने पर सख्ती से कार्रवाई होनी चाहिए। परंतु वर्तमान में बॉबी पंवार पर धारा 307 प्रथम दृष्टया प्रतीत नहीं होती। इसलिए माननीय न्यायालय ने बॉबी पंवार से धारा 307 हटाने का निर्णय लिया गया।

## अंकिता हत्याकांड में 10 मार्च से एडीजे कोर्ट में होगी सुनवाई

पौड़ी। कोटद्वार में अपर जिला एवं सत्र न्यायालय कोटद्वार की अदालत में अंकिता हत्याकांड का सत्र परीक्षण अब 10 मार्च से शुरू होगा। 20 फरवरी को अदालत हत्यारोपी सौरभ भास्कर की जमानत याचिका पर सुनवाई करेगी। अदालत ने इस मामले में सुनवाई के लिए अगली तिथियां निर्धारित की हैं। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी भावना पांडेय की अदालत में चल रहा अंकिता हत्याकांड का मामला बीते माह सत्र परीक्षण के लिए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रतिभा तिवारी की अदालत के सुपुर्द कर दिया गया था। डीजीसी जितेंद्र सिंह रावत ने बताया कि बुधवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के नैनीताल में प्रशिक्षण में होने के कारण इसमें अगली तिथियां निर्धारित कर दी गई हैं। बचाव पक्ष की ओर से दाखिल सौरभ भास्कर की जमानत याचिका पर अदालत 20 फरवरी को सुनवाई करेगी। 10 मार्च को तीनों आरोपियों पुलकित आर्य, सौरभ भास्कर और अंकित पर व्यक्तिगत रूप से आरोप तय किए जाएंगे। इस मौके पर उन्हें व्यक्तिगत रूप से हाजिर होने के लिए संबंधित जेल प्रशासन को सूचना दी जाएगी। उधर, बचाव पक्ष के अधिवक्ता अमित सजवाण ने बताया कि निचली अदालत में तीनों आरोपियों की जमानत याचिका खारिज होने के बाद आरोपी सौरभ भास्कर की ओर से एडीजे कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की गई है। इसमें सुनवाई की तिथि 20 फरवरी तय हुई है। वहीं वीआईपी का नाम जानने के लिए पुलिस के पास अब नार्को टेस्ट ही एक जरिया है। इसके लिए दो माह से भी ज्यादा समय से जद्दोजहद चल रही है। शुरुआत में तीन आरोपियों में से दो ने मंजूरी दी थी। दिल्ली की फोरेंसिक लैब में टेस्ट का दिन भी निर्धारित हो गया। इस बीच आरोपी हाईकोर्ट चले गए। हाईकोर्ट ने इस टेस्ट पर रोक लगा दी।

अरोरा डेन्टल केयर
Dental Facilities / सुविधायें
डेंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
• दांतों की नसों का इलाज / RCT
• फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
• नकली दांतो का जबड़ा लगाना / Complete Denture
• टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
• दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
• मसूड़ों द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling
डा. गगनदीप गुम्बर B.D.S.,PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081085
डा. अमनप्रीत सिंह अरोरा B.D.S.,(Dental Surgeon) M.9997327642
(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
Opp.Prabal Enclave, Near ICON School, Sidcul-Bigwara Road , Rudrapur, U.S. Nagar

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# नए राजस्व गाँवों के ग्राम प्रहरियों के साथ थानाध्यक्ष ने ली बैठक

बागेश्वर(उद संवाददाता)। थाना झिरौली के थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेन्द्र रावत ने पुलिस क्षेत्र के विभिन्न गाँवो के लोगों और ग्राम प्रहरियों की बैठक ली,थाना क्षेत्र में शामिल हुए ग्रामीण क्षेत्रों में जागरुकता पाठशाला, नशे के दुष्प्रभाव, महिला सुरक्षा, साईबर अपराध के प्रति जागरूक कर उत्तराखण्ड पुलिस एप, गौरा शक्ति व पुलिस हेल्पलाईन नम्बरों की जानकारी दी।ग्रामीण क्षेत्रों की जनता के साथ गोष्ठी आयोजित कर उन्हें पुलिस कार्यों की जानकारी देकर उच्चाधिकारियों,थाना झिरौली के संपर्क नंबर उपलब्ध कराए गए, साथ ही नशे के दुष्परिणामों, यातायात नियमों, साइबर क्राइम, महिला सम्बंधी अपराधों, उत्तराखण्ड पुलिस एप्प,गौरा शक्ति एप की जानकारी देकर जागरूक किया गया। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रावत ने हेल्प लाइन नंबर 112,1930,1090,1098 का प्रचार प्रसार किया तथा गौरा शक्ति एप में परिवारजनों व आसपास के लोगों को भी पंजीयन कराने की अपील की। वही क्षेत्र में किसी प्रकार से शांति व्यवस्था बाधित करने, गुंडागर्दी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की भी चेतावनी दी, वही मित्र पुलिस को शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की, वही मौजूद लोगों ने थानाध्यक्ष की कार्यशैली की सराहना करते हुए मित्र पुलिस को सहयोग का आश्वासन दिया।



# भगवान व अभिमान का साथ नहीं हो सकता: हरि चैतन्यपुरी

गढीनेगी (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने आज यहाँ श्री हरि कृपा धाम आश्रम में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को भागवत शब्द की व्याख्या करते हुए कहा कि 'भा' यानी भाव सृजन करने वाली, 'ग' यानी गर्व को नष्ट करने वाली, 'व' यानी वर्ण व वर्ग भेद को समाप्त करने वाली।'त' यानी तपस्चर्या परिपूर्ण जीवन जीने का संदेश देने वाली। ग्रहस्थ को ही तपोवन बना लें। जंगलों, गुफाओं या हिमालय में तप हेतु जाने की आवश्यकता नहीं है। गंगा व यमुना की तरह पवित्र भाव से आपस में मिले, जीवन में एक लक्ष्य हो, लक्ष्य की ओर निरंतर प्रयास हो। मनोबल, आत्मबल व आत्मविश्वास बरकरार रखें।परमात्मा का स्मरण करते हुए बाधा, कठिनाईयों, परीक्षाओं से यदि न घबराते हुए निरंतर चले तो सफलता अवश्य ही कदम चूमेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में समाज में निरन्तर नैतिकता, राष्ट्रीयता व चरित्र का हो रहा हास अत्याधिक चिंता का विषय हैं। धर्म विज्ञान सम्मत है ढकोसला नहीं, लोगों ने अपने तुच्छ स्वार्थों के लिए इसे



ढकोसला बनाने का प्रयास किया। धर्म से विज्ञान दूर होने पर ही ढोंग, पाखंड, अंधविश्वास, रूढिवादिताओं को बढावा मिलता है। धर्मविहीन विज्ञान विकास का नहीं विनाश का कारण बनेगा। धर्म और विज्ञान एक दूसरे के पूरक हैं। देश को तोड़ने व बाटँने की जो घृणित व कुत्सित साजिशें की जा रही हैं। उन्हें सफल नहीं होने देना है। राष्ट्र में सभी को सभी प्रकार के मतभेदों व संकीर्णताओं को त्यागकर आपसी प्रेम,एकता व सद्भाव को बनाए रखना हैं।उन्होंने कहा कि मानव जीवन की ही महिमा है कि वह अपने लिए समाज के लिए व परमात्मा के लिए उपयोगी हो सकता है। त्याग संसार का नहीं अपितु ममता , अहंकार , अधिकार , लोलुपता आसक्ति आदि का करना है। महाराज श्री के दर्शनार्थ व दिव्य प्रवचनों को सुनने के लिए स्थानीय, क्षेत्रिय व दूर दराज से काफी संख्या में भक्त जन पहुँचे ।अपने धाराप्रवाह प्रवचनों से उन्होंने सभी भक्तों को मंत्रमुग्ध व भाव विभोर कर दिया। सारा वातावरण भक्तिमय हो उठा व" श्रीगुरु महाराज", "कामां के कन्हैया" व "लाठी वाले भैया "की जय जयकार से गूंज उठा । कल 17 फरवरी को प्रात: 9 बजे रामचरितमानस पाठ प्रारंभ होगा तथा सांय 4 बजे से 6 बजे तक दिव्य प्रवचन होगा। 18 फरवरी को प्रात: 8 बजे श्री हरेश्वर महादेव का महाभिषेक होगा तथा 9 बजे रामचरितमानस पाठ सम्पूर्ण किया जाएगा। उसके बाद 10 बजे विराट धर्म सम्मेलन होगा जिसमें विश्व प्रसिद्ध भजन गायकों के भजन,विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा महाराज जी के दिव्य प्रवचन होंगे । उसके बाद 1 बजे से विशाल भंडारे का भी आयोजन किया है।

# भाजपा सरकार ने होली पर दिया महंगाई का तोहफा: बंटी पपनेजा

किच्छा(उद संवाददाता)।अखिल भारतीय राहुल गांधी बिग्रेड के पूर्व प्रदेश सचिव भूपेंद्र कुमार उर्फ बंटी पपनेजा ने राज्य की भाजपा सरकार द्वारा सर्किल



रेट बढ़ाए जाने का विरोध करते हुए कहा कि महंगाई की मार झेल रही जनता को सर्किल रेट बढ़ाकर होली का तोहफा देने का काम किया है। पपनेजा ने कहा कि जनता पहले से ही महंगाई की मार झेल रही है इस पर राज्य की भाजपा सरकार ने जमीनों के सर्किल रेट बढ़ा कर जलती आग में घी डालने का काम किया है जिससे अब जमीन खरीदना व मकान बनाना जनता के लिए बहुत मुश्किल हो गया है। इससे यह प्रतीत होता है कि राज्य की भाजपा सरकार को जनता के हितों से कोई लेना देना नहीं है वह केवल अपने स्वार्थों को सिद्ध करने में लगी है पपनेजा ने कहा कि जमीनों के बढ़े हुए सर्किल रेट को राज्य सरकार शीघ्र वापस ले नहीं तो कांग्रेस आम जनता के साथ मिलकर सड़कों पर आंदोलन करने को बाध्य होगी।

# जिज्ञासा एकेडमी की नव निर्मित इमारत का किया शुभारंभ

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर के गूलरभोज रोड स्थित 'जिज्ञासा एकेडमी' में नए सत्र के प्री नर्सरी कक्ष का उद्घाटन पूजा अर्चना एवं अरदास के साथ किया गया । जिज्ञासा एकेडमी के शुभारंभ के मौके पर सभी धर्मों( हिंदू , मुस्लिम ,सिख,



व ईसाई )के बच्चों ने स्वयं फीता काटकर नए विंग (बिल्डिंग )का उद्घाटन एवं प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर स्कूल मैनेजमेंट, प्रधानाचार्य द्वारा सभी को शुभकामनाएं प्रदान की गई। इस अवसर पर बाबा राजिंदर सिंह ,सिद्धार्थ भुसरी, संजीव फोगाट,दलजीत सिंह ,प्रेमपाल, अजमी ,गीतिका ,संदीप ,रजनी, कोमल, हेमा ,दीपांशी ,नेहा आदि स्टाफ सहित नन्हे मुन्ने बच्चे शामिल रहे।

# रूद्रपुर में भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष विमला का स्वागत

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा नव मनोनीत अध्यक्ष विमला मुण्डेला के नगर आगमन पर महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं द्वारा माल्यार्पण कर व तिलक लगाकर स्वागत किया गया। अपने सम्बोधन में महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मुण्डेला ने कहा कि सक्रिय और पार्टी के प्रति समर्पित महिला कार्यकर्ताओं को ही संगठन में जिम्मेवारियाँ दी जायेंगी। उन्होंने आगामी चुनावों



में महिला मोर्चे की अहम भूमिका का जिक्र करते हुए कहा कि अब हर चुनाव में मातृशक्ति की भूमिका अहम होने वाली है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि कार्यकर्ता समूह के रूप में हर गली मोहल्ले में जाकर केंद्र तथा प्रदेश सरकार द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों और जन कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी जन जन तक पहुंचाएं। इस दौरान ममता त्रिपाठी, स्वाति शर्मा, रजनी रावत, मीना शर्मा, शैली फुटेला, रश्मि रस्तोगी, शम्मी गुप्ता, अनीता गोस्वामी, कान्ति सक्सेना, संध्या तिवारी, अर्चना राय, दीपा राय, रेखा राणा, नीलू समेत जनपद भर से आई महिला मोर्चे की अनेक कार्यकर्ता मौजूद थीं।

# आंदोलनकारी 13 युवाओं की रिहाई का किया स्वागत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भाकपा माले जिला सचिव डा. कैलाश पाण्डे ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट देहरादून द्वारा उत्तराखंड बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बॉबी पंवार, लूशुन टोडरिया समेत भर्ती घोटालों के विरुद्ध आंदोलनरत 13 युवाओं की रिहाई का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि न्यायालय का आदेश इस बात को स्पष्ट कर रहा है कि इन युवाओं को झूठे आरोपों में फंसाने का उत्तराखंड सरकार और उसकी पुलिस द्वारा षडयंत्र किया गया। भर्ती घोटालों के विरुद्ध तथा पारदर्शी परीक्षा के लिए संघर्षरत युवाओं के विरुद्ध राज्य की भाजपा सरकार द्वारा इस तरह का षड्यंत्र रचना निंदनीय है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को प्रदेश के युवाओं के विरुद्ध ऐसा षड्यंत्र रचने के लिए माफी मांगनी चाहिए। साथ ही इन युवाओं के साथ ही शहीद स्थल पर धरने पर बैठे युवाओं के विरुद्ध दर्ज सारे मुकदमे बिना शर्त वापस लिए जाने चाहिए। उन्होंने कहा सभी भर्ती परीक्षा की सीबीआई जांच करवाई जाए और 8 व 9 फरवरी को युवाओं का उत्पीड़न एवं लाठीचार्ज करने के लिए जिम्मेदार पुलिस अफसरों को निलंबित करते हुए उन पर नौजवानों पर प्राणघातक हमला करने के लिए मुकदमा दर्ज किया जाए।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर कार्यशाला आयोजित

गरुड(उद संवाददाता)।गरुड के सेंट एडम्स पब्लिक स्कूल अयारतोली में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में अल्मोड़ा,पिथौरागढ़ समेत बागेश्वर जिले के 27 विद्यालयों के 54 प्रतिनिधिओ ने प्रतिभाग। राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आधारित इस कार्यशाला में तीनों जिलों के सीबीएसई द्वारा मान्यता प्राप्त व अटल उत्कृष्ट विद्यालयो ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्य प्रशिक्षक केंद्रीय विद्यालय चंपावत के प्रधानाचार्य बासुदेव ओली द्वारा नई शिक्षा नीति के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। साथ ही सभी प्रतिभागियों से इस प्रशिक्षण के अनुभव साझा करने की अपील की। मेजबान विद्यालय के प्रबंधक जावेद सिद्दकी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को देशहित में बताया। विद्यालय की प्रधानाचार्या रजिया सिद्दकी,केवलानंद जोशी, मुर्शिल सिद्दकी आदि द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया गया।

# ताहिर अली शाह बने जिलाध्यक्ष

किच्छा(उद संवाददाता)। मुस्लिम राष्ट्रीय शाह समाज फाउंडेशन इंडिया के जिला इकाई का गठन किया गया है। फाउन्डेशन के कुमाऊं मंडल प्रभारी विरासत अली शाह ने जारी प्रेस नोट में कहा है ताहिर अली शाह को फाउन्डेशन की जिला इकाई का अध्यक्ष बनाया गया है। नव नियुक्त जिला अध्यक्ष ने कहा है कि समाज के लिए जो भी जिम्मेदारी सौंपी गई ही उसे पूर्ण जिम्मेवारी से निभाया जायेगा।



# साहित्यकार ,कवि व शायरों को लायंस क्लब ने किया सम्मानित

काशीपुर(उद संवाददाता)। कुंडेश्वरी रोड स्थित एक रिसॉर्ट में आयोजित समारोह में लायंस क्लब काशीपुर सिटी ने शहर के अनेक साहित्यकार,कवि व शायरों को सम्मानित किया। समारोह के शुभारंभ पर सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर सरस्वती वंदना की गई। तदुपरांत कार्यक्रम का विधिवत शुरुआत किया गया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि नगर आयुक्त विवेक राय ने लायंस क्लब की सराहना करते हुए ऐसे कार्यक्रम के लिए प्रसन्नता जताई। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में तहसीलदार युसुफ अली ने साहित्यकारों के सम्मान को क्लब का एक महत्वपूर्ण कार्य बताया। समारोह में सम्मानित साहित्यकारों में वरिष्ठ पत्रकार विनोद भगत, गंगाराम विमल, डॉ यशपाल रावत, शरीफ भारती, इकबाल अदीब,नदीमुद्दीन एडवोकेट,कैलाश चन्द्र यादव, डॉ पुनीता कुशवाहा, श्रीमती ममता मिश्रा,जे के कटियार,शेष कुमार सितारा,कु सुहानी अग्रवाल, ओम शरण आर्य चंचल, ज्ञानेंद्र सिंह, वेदप्रकाश विद्यार्थी, सुरेंद्र अग्रवाल, सोमपाल प्रजापति,मानक अग्रवाल,कु अंशिका जैन, डॉ राजेश विश्नोई. कु अनु श्री भारद्वाज,नवीन बिष्ट,वी के मिश्रा, आदि प्रमुख हैं। समारोह में राधे हरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राध्यापकों डा महिपाल सिंह, डॉ सुभाष चन्द्र कुशवाहा, डॉ नीरज कुमार शुक्ला, डॉ आशा राणा, डॉ किशोर चंद्र जोशी, डॉ राघव जा, तथा डॉ संतोष कुमार पंत आदि को उनके शैक्षिक शोध लेखन व उनकी साहित्यिक सेवाओं के लिए प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। समारोह में उपस्थित प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों में जनजीवन उत्थान समिति के अध्यक्ष/प्रख्यात समाजसेवी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा, संजय चतुर्वेदी, हरिओम तोमर, जसवीर सिंह, आदि शामिल रहे।



# अवैध शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस ने अलग अलग स्थानों से मुखबिर की सूचना पर दो नशा तस्करों को अवैध शराब सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार पुलिस कर्मी सोनिया होटल के पास गश्त कर रहे थे। मुखबिर की सूचना पर वह बिलासपुर रोड़ पर ब्लाक तिराहे पर पहुंचे। जहां एक व्यक्ति संदिग्ध रूप से खड़ा दिखाई दिया। पुलिस ने उसे पकड़कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम पता अजय विश्वास पुत्र कृष्णा विश्वास निवासी पीली कोठी शिवनगर ट्रांजिट कैंप बताया। तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद कट्टे से कुल 52 पाउच अवैध कच्ची शराब के बरामद हुए। वहीं शांतिपुरी नम्बर 2 में गश्त कर रही पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर जयग्राम तिराहा पर अवैध रूप से कच्ची शराब बेच रहे शांतिपुरी नम्बर4 जयग्राम निवासी लाल सिंह पुत्र स्व. दान सिंह को 40 पाउच अवैध कच्ची शराब सहित गिरफ्तार किया । पुलिस ने दोनों नशा तस्करों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# अपराधियों के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही की जाए : राज्यपाल

## राज्यपाल ने जनपद में संचालित एवम प्रस्तावित विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की विस्तार से ली जानकारी



पंतनगर/रुद्रपुर( उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने तराई भवन पहुंचकर जनपद के आला अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में राज्यपाल ने जनपद में संचालित एवम प्रस्तावित विकास कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि राष्ट्र प्रथम के मूल मंत्र पर कार्य किया जाए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि गरीबों के कल्याण हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ सभी पात्रों को मिले। उन्होंने कहा कि महिलाओं की आर्थिकी सुधार हेतु विशेष प्रयास किए जाएं। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि कृषि एवं बागवानी के क्षेत्र में गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का भरपूर सहयोग लिया जाए। राज्यपाल ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद की सभी विधानसभा क्षेत्रों में छाप छोड़ने वाले प्लान तैयार किए जाए। राज्यपाल ने शिक्षा के क्षेत्र में शुरू किए गए नवाचारी कार्यक्रम रूपांतरण,जन समस्याओं के निस्तारण हेतु शुरू किए गए ई-समाधान चौपाल की तारीफ तारीफ करते हुए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। य राज्यपाल ने जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि सोशल मीडिया पर गहनता से मॉनिटरिंग की जाए तथा संदिग्ध व्यक्तियों पर भी पैनी नजर रखी जाए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में अपराध नियंत्रण हेतु अपराधियों के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ भी कार्यवाही अमल में जाए। उन्होंने महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों के साथ ही विभिन्न बिंदुओं पर एसएसपी से विस्तार से जानकारी लेते हुए महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। राज्यपाल ने जिलाधिकारी को स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को अलग अलग स्थान पर स्थान विशेष के ब्रांडेड उत्पाद योजना हेतु निर्देश दिए। राज्यपाल ने एसएसपी से जनपद की भौगोलिक परिस्थिति के कारण अलग अलग अपराधों एवम साइबर क्राइम के प्रति विशेष लक्ष्य निधारित करने के निर्देश दिए तथा एसएसपी के इस कार्य की प्रशंसा की कि उन्होंने गैंगस्टार एक्ट में अपराधियों की संपत्ति जब्तीकरण तथा गुंडा एक्ट में प्रभावी कार्यवाही की है। डीएम ने बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्य द्रुतगति से जारी है। जनपद स्तर पर ई समाधान चौपाल तथा रूपांतरण के अंतर्गत कई नए कार्य किए जा रहे हैं, जिसमे सशकीय स्कूलों के कायाकल्प की योजना भी है तथा 10 प्रतिशत आंगनबाड़ी केंद्रों का आधुनिकरण किया गया है। झापड़ में स्वास्थ्य सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। डीएम ने जनपद की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, प्रशासनिक जानकरी देने के साथ ही जनपद में संचालित एवम प्रस्तावित विभिन्न विकास योजनाओ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एसएसपी द्वारा अवगत कराया गया कि 70 प्रतिशत मामले जमीनों के अपराध से जुड़े हुए हैं तथा एक अन्य श्रेणी का अपराध सिडकुल एरिया में विशेषकर बाह्य जनपदों/अन्य राज्यों से आने वाले श्रमिकों के कारण भी होते हैं। कतिपय एरिया में अब इन अपराधों को रोकने के लिए नई चौकियां स्थापित करने का प्रस्ताव है और पुलिस बल भी बढ़ाए जाने की आवश्यकता हैं। इसके बाद सीसीटीवी कैमरे विभिन्न स्थानों पर लगाए जाने तथा उनको कंट्रोल रूम से लिंक की जाने की आवश्यकताएं हैं और प्रयास भी किए जा रहे हैं। जनपद में एनएच के अधिकांश भाग अधूरे होने के कारण सड़क दुर्घटना एवं घायलों की संख्या में वृद्धि हो रही है, साथ ही ड्रग्स भी कारण भी अपराध बढ़े हैं। जनपद में अन्य मैदानी जनपदों से इस प्रकार के ड्रग्स आते ही हैं लेकिन पर्वतीय जिलों से भी चरस इत्यादि सप्लाई होती है। साइबर क्राइम में अब विशेष योजना के तहत कार्यवाही जारी हैं। एसएसपी ने विभिन्न प्रकार के क्राइम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सीडीओ द्वारा अवगत कराया गया कि उनके पास नगर निगम रूद्रपुर का भी कार्यभार है। जिसमें वह कूड़ा निस्तारण एवं प्लास्टिक कचरा निस्तारण हेतु विशेष प्रयास कर रहे हैं तथा स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से भवन कर वसूली एवम कूड़ा कचरा निस्तारण हेतु जनजागरण का कार्य भी करवा रहे हैं। पीएम आवास योजना में 2915 के सापेक्ष 2716 आवास निर्मित कर लिए गए हैं। उन्होंने अवगत कराया कि वह नगर निगम में कई नए प्रयून के लिए इंदौर नगर निगम से जानकारी प्राप्त करने हेतु इंदौर का भ्रमण किया। बैठक में जिलाधिकारी युगल किशोर पंत, एसएसपी मंजूनाथ टीसी, सीडीओ विशाल मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# होली चाइल्ड स्कूल में कक्षा प्रबन्धन पर दो दिवसीय कार्यशाला हुई संपन्न

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। होली चाइल्ड स्कूल के ऑडिटोरियम में कक्षा प्रबन्धन पर दो दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ। कार्यशाला के रिसोर्स पर्सन अनुरोध चित्रा, प्रधानाचार्य,




दयावती धर्मवीरा पब्लिक स्कूल बिजनौर ने पुन: 'कक्षा प्रबन्धन' पर विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से शिक्षकों का ज्ञान वर्धन किया। इस कार्यशाला में उधम सिंह नगर एवं रामपुर जिले के 20 से अधिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य, उप-प्रधानाचार्य, पी.जी.टी., टी.जी.टी. ने प्रतिभाग किया। उन्होंने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु शिक्षा पद्धति में होने परिवर्तनों के बारे में अवगत कराया। उन्होंने कहा कि अध्यापक लीडर, मार्गदर्शक व राष्ट्रनिर्माता होता है, उसको प्रतिभावान, उर्जावान होना चाहिए और अपनी प्रतिभा को निरंतर प्रखर करते रहना चाहिए ताकि वह अपनी कक्षा को और भी प्रभावशाली बना सके। कार्यशाला के मध्य में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, देहरादून क्षेत्र के क्षेत्रीय अधिकारी डा. रनबीर सिंह ने ऑनलाइन माध्यम से कार्यशाला में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि "शिक्षक अपनी शिक्षा के माध्यम से समाज को उचित मार्गदर्शन देकर राष्ट्र का भविष्य उज्जवल बना सकता है।" क्षेत्रीय अधिकारी के सम्बोधन के उपरान्त कार्यशाला में उपस्थित समस्त लोगों ने उनका अभिवादन एवं धन्यवाद किया। तत्पश्चात् कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाले सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। अन्त में होली चाइल्ड स्कूल के वाइस चेयरमैन विकास बत्रा, प्रधानाचार्य मिन्टू दूबे, उप-प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार जोशी ने रिसोर्स पर्सन अनुरोध चित्रा को प्रशस्ति-पत्र व स्मृति चिन्ह देकर आभार व्यक्त किया।

# जिले में पर्यटन स्वरोजगार के लिये दो करोड़, 35 लाख का ऋण स्वीकृत

बागेश्वर (उद संवाददाता)। जिले के नागरिकों को पर्यटन रोजगार से जोड़ने के लिए पर्यटन विभाग को पर्यटन स्वरोजगार के लिएजल्द पहल के निर्देश दिए थे।वीरचंद्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना से दो करोड़, 35 लाख, आठ हजार 867 रुपये का ऋण स्वीकृत किया गया। जिससे दो वाहन, दो गैर वाहन, पांच होम स्टे और ट्रैकिंग ट्रक्शन सेंटर बनेंगे।जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने स्वीकृत धनराशि का सदुपयोग करने को कहा। वही जिले को पर्यटन हब बनाने के लिए सभी लोगों को जिले में पर्यटन स्थलों के विकास, पर्यटन से स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए विशेष पहल की अपील की, वही स्थानीय लोगों को पर्यटन के क्षेत्र में पर्यटकों को आकर्षित करने वालों को जिला प्रशासन से हर संभव सहयोग देने की बात कही मंगलवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर योजना का साक्षात्कार आयोजित हुआ।डीएम ने स्वरोजगार के लिए आवेदन करने वालों को लाभांवित करने के निर्देश दिए। उनके आवेदन समय



पर निस्तारित करने को कहा। कहा कि बेरोजगारों को स्वरोजगार से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने स्वरोजगार के इच्छुक व्यक्तियों को विभिन्न योजना के तहत अधिकाधिक स्वरोजगार मुहैया कराने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या, लीड बैंक अधिकारी एनआर जौहरी, महाप्रबंधक उद्योग जीपी दुर्गापाल, ईई आर चंद्रा, कर अधिकारी हरीश रावल, जिला पर्यटन विकास अधिकारी कीर्ति आर्या आदि उपस्थित थे।

# छात्रों के दल ने जानी औषधीय पौधों की जानकारी

धरमघर( उद संवाददाता)। राजकीय इंटर कालेज कार्कीनगर का शैक्षिक भ्रमण दल केन्द्रीय औषधीय सुगंध पौध संस्थान पुरुडा पहुंचा। शैक्षिक भ्रमण के माध्यम से सीखने सिखाने की गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा छात्रों में वैज्ञानिक अभिरुचि विकसित करने के उद्देश्य से राजकीय इंटर कालेज कार्कीनगर के छात्र सीमैप संस्थान में पहुंचे। जहां बच्चों ने औषधीय एवं सगंध पौधों की वैज्ञानिक पद्धति से खेती, उनके व्यावसायिक उपयोग, तथा सुगन्धित द्रव्यों को वनस्पतियों से प्राप्त करने की प्रयोगशाला विधि की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। सीमैप परिसर में भ्रमण के पश्चात, छात्र संस्थान के सभागार में आयोजित अकादमिक सत्र में शामिल हुए। जहां विशेषज्ञो द्वारा छात्रों को संस्थान की गतिविधियों एवं सी एस आई आर द्वारा संचालित प्रख्यात संस्थानों एवं उनके द्वारा सम्पादित किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। सत्र के बीच में छात्रों से संवाद किया गया तथा औषधीय पौधों के वैज्ञानिक पहलुओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर एक क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त अंजलि कार्की को एक हजार रुपए का चेक तथा दूसरे स्थान पर रहे योगेश जोशी को पांच सौ रुपए का चेक संस्थान द्वारा दिया गया अन्त प्रयोगशाला में विभिन्न औषधीय एवं सगंध द्रव्यो के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां छात्रों को दी गई। भ्रमण कार्यक्रम की मार्ग दर्शक टीम में राजकीय इंटर कालेज कार्कीनगर से हेम पाठक, प्रदीप जोशी, टीकेन्द्र पाण्डेय एवं लता रावल शामिल थे।




# बिल लाओ, इनाम पाओ के तहत नौ भाग्यशालियों को मिला इनाम

बागेश्वर( उद संवाददाता)। राज्य कर विभाग द्वारा करदाताओं को समय से कर का भुकतान कराने पर विशेष ऑफर स्कीम का आयोजन किया गया था, बिल लाओ इनाम पाओ योजना के तहत नौ भाग्यशाली और जागरूक उपभोक्ताओं को इनाम बांटा।अगले माह लक्की ड्रा किया जाएगा।योजना को लेकर उपभोक्ताओं के चेहरे में खुशी देखने लायक थी।राज्य कर विभाग ने उपभोक्ताओं के लिए योजना बनाई है। जिसके तहत उन्हें कोई भी सामान खरीदते समय बिल लेना है। बिल पर जीएसटी नंबर होना जरूरी है।उस बिल को लेकर विभाग के बिलपुक एप पर डालना है। इससे पूर्व एप को डाउनलोड करना है। बुधवार को असिस्टेंट कमिश्नर राज्य कर, अशोक सिंह गर्ब्याल ने लक्की ड्रा कर नौ विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया। जिसमें आरे निवासी मीना भकुनी, उमेश, सैंज निवासी शोभा गास्वामी को पुरस्कार प्रदान किए गए। असिस्टेंट कमिश्नर गर्ब्याल ने बताया कि राज्य कर




विभाग उपभोक्ताओं को जागरूक कर रहा है। वह जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों से ही समान खरीदें। बिल, बिल ऑफ सप्लाइ प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इनामी योजना के राज्य स्तर पर प्रत्येक माह लक्की ड्रा निकाले जा रहे हैं। जिसमें प्रोत्साहन पुरस्कार 500 मोबाइल, 500 स्मार्ट वॉच, 500 ईयर पॉडस वितरित किए गए हैं। साथ ही योजना के अंत में निकाले जाने वाले मेगा ड्रा के पुरस्कार भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इनामी योजना में प्रतिभाग करने के लिए बिलपुक एप डाउनलोड करना है। जिसमें सभी तरह की जानकारी है। आम उपभोक्ता अधिकाधिक योजना का लाभ उठा सकते हैं।

ANANT GRAPHICS
We Deals In
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
More information call us 98377 77818
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com



# शिवरात्रि के पावन पर्व पर भोले बाबा का कीर्तन

दिनांक: 16 फरवरी 2023 सांय 3 बजे, दिनांक 17 फरवरी 2023 प्रात: 10 बजे से

स्थान-नेक्सा ट्रूवेल्यू, काशीपुर रोड
ग्रीन पार्क गेट के सामने, रुद्रपुर

भंडारा और कांवरियों की सेवा में निरंतर रहेगा। कांवरियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था रहेगी।

आयोजक-श्री शिव सेवा संस्थान
एवं सांध्य दैनिक उत्तरांचल दर्पण


## चरस तस्करी के आरोपी को दस साल की कैद

बागेश्वर(उद संवाददाता)। विशेष सत्र न्यायाधीशश शहंशाह मोहम्मद दिलबर दानिश ने एक चरस तस्कर को दस साल के कठोर कारावास से दंडित किया है। साथ ही अभियुक्त पर एक लाख का जुर्माना भी ठोका है।घटना के अनुसार 1नवंबर 2020 को कोतवाली पुलिस की टीम आरे बाइपास के पास चेकिंग कर रही थी तथी पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि कपकोट से एक वाहन संख्या यूपी - 25 बीवी- 3198 टीयूवी 300 में अवैध वस्तु है। जिस पर पुलिस सक्रिय हुई तथा सख्ती से वाहनों की चेकिंग करने लगी। तभी उन्हें कपकोट की ओर से उक्त वाहन आता दिखाई दिया जिस पर पुलिस ने उसे रोका। वाहन में पांच लोग बैठे थे। पुलिस द्वारा रोकने पर वे सकपका गए। पूछताछ में चालक ने अपना नाम बिलियम रोड्रिकली पुत्र जुलियस संदीपली निवासी शास्त्री नगर बरेली बताया। जबकि दूसरे व्यक्ति ने प्रतीक अग्रवाल पुत्र विनोद अग्रवाल निवासी प्रेमनगर बरेली बताया। पिछली सीट पर बैठे व्यक्तियों ने अपने नाम बलि मोहम्मद पुत्र जुम्मी, संगम व बच्चू सिंह बताया। जिसकी सूचना राजपत्रित अधिकारी को दी तथा उनकी उपस्थिति में चेकिंग की गई जिसमें प्रतीक अग्रवाल के पास से काले बैग में एक किग्रा 60 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया जिसमें अभियोजन पक्ष ने कुल 12 गवाह परीक्षित करवाए तथा बरामद माल को एफएसएल से परीक्षित करवाकर चरस होने का प्रमाण प्रस्तुत किया। गवाहों के बयान व पत्रावली के अध्ययन के बाद विशेष सत्र न्यायाध ीश ने अभियुक्त प्रतीक अग्रवाल को दंडित करते हुए एक लाख रूपये के अर्थदंड व दस साल के कठोर कारावास से दंडित किया। जबकि अन्य चारों को दोषमुक्त कर दिया है। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी जिला शासकीय अधिवक्ता गोविंद बल्लभ उपाध्याय व सहायक शासकीय अधिवक्ता चंचल पपोला ने की।

## राज्यपाल ने किया ट्यूलिप गार्डन का निरीक्षण

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बुधवार को राजभवन परिसर स्थित ट्यूलिप गार्डन का निरीक्षण कर विभिन्न प्रजातियों की आकर्षक पुष्पावस्था की प्रशंसा की एवं पुष्प वाटिकाओं की जानकारी ली। राजभवन में विभिन्न प्रजातियों के यह बेहद आकर्षक ट्यूलिप पुष्प राजभवन में आयोजित होने वाले वसंतोत्सव तक पुष्पावस्था में रहेंगे। राजभवन परिसर में ट्यूलिप बल्ब का रोपण दिसम्बर माह में किया गया था। इस वर्ष राजभवन में ट्यूलिप की 13 प्रजातियों के 7000 बल्ब्स रोपित किए गए हैं। इस अवसर पर राज्यपाल ने वसंतोत्सव की तैयारियों के मध्यनजर राजभवन परिसर की पुष्प वाटिकाओं का भी निरीक्षण किया। राज्यपाल के



निर्देशानुसार राजभवन में श्री बदरीनाथ धाम पुष्प वाटिका, श्री केदारनाथ धाम पुष्प वाटिका, श्री गंगोत्री धाम पुष्प वाटिका, श्री यमुनोत्री धाम पुष्प वाटिका, श्री हेमकुंड साहिब पुष्प वाटिका, श्री नानकमत्ता साहिब पुष्प वाटिका तथा सैनिक धाम पुष्प वाटिका विकसित की गयी है।

## पीटीसी कर्मियों ने किया प्रदर्शन

बागेश्वर(उद संवाददाता)। पानी एक अनमोल है, गाँव गाँव मे सबको राहत देते हमें भी थोड़ा बड़ा मानदेय चाहिए कि मांग को लेकर जल संस्थान के अंशकालिक मजदूर गाँवो में पेयजल समस्या और पेयजल वितरण व्यवस्था देखते है, वही अपनी मांग पूरी नही होने से पीटीसी कर्मियों में रोष है। लंबित मांगों को लेकर जल संस्थान के अंशकालिक मजूदरों ने जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया। न्यूनतम वेतनमान नहीं दिए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई है। वक्ताओं ने कहा कि उन्हें डेढ़ साल से बढ़ोत्तरी राशि नहीं मिली है। इस कारण वह खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। संगठन से जुड़े लोग बुधवार को नुमाईशखेत मैदान में पहुंचे।यहां जोरदार के साथ प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि सरकार ने सितंबर 2021 में उनके वेतनमान में एक हजार रुपये बढ़ोत्तरी की थी, लेकिन उन्हें अभी तक इसका लाभ नहीं मिला है। इसके लिए कई बार ज्ञापन दे दिया है। संगठन न्यूनतम वेतनमान देने की



मांग लगातार कर रहा है, लेकिन विभाग के कानूं जूं तक नहीं रेंग रही है। जो मानदेय उन्हें मिल रहा है वह ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रहा है। उन्होंने जल्द मानदेय में बढ़ोत्तरी करने की मांग की है। इसे अलावा आय-व्यय का हिसाब भी बैठक में रखा गया। इसमें बताया कि संगठ के लिए 45 हजार 385 की राशि जमा हुई और इसके सापेक्ष 43435 रुपया खर्च हुआ है। इस मौके पर संयोजक विशन दत्त भट्ट,सुरेश लोबियाल अध्यक्ष, कुंदन सिंह,नंदकिशोर जोशी, प्रेम सिंह, ललित उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

## एमेनिटी में करियर काउंसलिंग लैब का शुभारंभ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एमेनिटी पब्लिक स्कूल में गत दिवस करियर काउंसलिंग लैब का शुभारंभ किया गया। व्यवस्थापक सुभाष अरोरा एवं सुनीता अरोरा एवं प्रध ानाध्यापिका इंद्रा त्रिपाठी द्वारा इस लैब की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि पढ़ाई के बाद अपने पसंद के फील्ड में करियर बनाना सभी के लिए अहम फैसला होता है। इसके लिए



हर छात्र को ऐसे मार्गदर्शक की आवश्यकता होती है जो उसे करियर के बारे में सही राय दे सकें। उन्होंने बताया कि इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि छात्र अपने टैलेंट को पहचानें बिना किसी भी फील्ड में काम करने की सोच लेते हैं। ऐसे में करियर काउंसलर की अत्यधिक आवश्यकता होती है ऐसे ही आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विद्यालय परिसर में करियर काउंसलिंग लैब का शुभारंभ जैनिथ एक्सिलेंसिया टीम की भागीदारी के साथ किया गया ताकि विद्यार्थियों की विषय चुनाव से संबंधित समस्या का समाधान हो सके। उन्होंने बताया कि इसके मुख्य काउंसलर सदस्य में वाणी आनंद एवं संजय भारद्वाज के नाम अग्रणीय है। यह लैब बच्चों के विषय संबंधी समस्याओं में एक आशातीत परिवर्तन अवश्य लेकर आएगी।साथ ही -साथ अभिभावकों की दुविधा का भी समाधान करेगी।


उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## विमानों की खरीद

भारत, अमेरिका और फ्रांस की ओर से एअर इंडिया के चार सौ सत्तर विमानों के सौदे की घोषणा हुई। तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य के बीच अब साफ देखा जा सकता है कि विकसित और महाशक्ति माने जाने वाले देशों के बीच भारत अपनी एक सशक्त उपस्थिति दर्ज कर रहा है। वह चाहे अलग-अलग देशों के बीच आर्थिक साझेदारी हो या रूस-यूक्रेन जैसी युद्ध की स्थिति, अमूमन सभी क्षेत्रों में भारत की अहमियत को अब दर्ज किया जा रहा है। इस क्रम में पिछले दो दिनों में अमेरिका और फ्रांस से विमानों की खरीद को लेकर जो नया समझौता हुआ है, उसे न केवल भारत की मजबूत होती स्थिति, बल्कि अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के लिहाज से भी एक बेहद अहम सौदा माना जा रहा है। गौरतलब है कि मंगलवार को भारत अमेरिका और फ्रांस की ओर से एअर इंडिया के चार सौ सत्तर विमानों के सौदे की घोषणा हुई। इसके तहत फ्रांस की एअरबस से ढाई सौ और अमेरिका की बोइंग से दो सौ बीस विमानों का सौदा तय हुआ है। इसमें एक महत्त्वपूर्ण पहलू यह है कि एअरबस के विमान में इस्तेमाल होने वाले इंजन के अलावा अन्य कई हिस्से ब्रिटेन की कंपनी बनाएगी। यानी इस सौदे में एक तरह से ब्रिटेन भी एक अहम पक्ष है। उड्डयन और विमानन क्षेत्र में इस समझौते को एक बड़ी कामयाबी माना जा सकता है और इसके पूरा होने पर यह तस्वीर और साफ होकर उभरेगी। मगर इससे पहले संबंधित देशों में रोजगार के क्षेत्र में नए अवसरों के पैदा होने की जो उम्मीद बंधी है, वह एक महत्त्वपूर्ण पहलू है। एक तरह से देखें तो विमानों के इस सौदे के साथ भारत ने वैश्विक बिसात पर सबसे ताकतवर दखल रखने वाले दो देशों से एक साथ अपनी साझेदारी को मजबूत करने की कोशिश की है। इसे उड्डयन कूटनीति कहा जा सकता है। इसका संकेत इससे भी मिलता है कि जहां अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस समझौते को ऐतिहासिक करार दिया है, वहीं फ्रांस के राष्ट्रपति ने भी भारत के साथ अपने देश के गहरे रणनीतिक रिश्ते में मील का पत्थर बताया। ऐसे में स्वाभाविक ही इसे अंतरराष्ट्रीय राजनीति में भारत की बढ़ती हैसियत के तौर पर भी देखा जा रहा है। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि भारत अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा विमानन केंद्र बनने को तैयार है। यों भी सरकार नागरिक उड्डयन क्षेत्र को मजबूत करने पर ज्यादा जोर दे रही है और पिछले आठ सालों में देश में हवाई अड्डों की संख्या चौहत्तर से बढ़ कर एक सौ सैंतालीस हो गई है। इसके अलावा, एक अन्य घटनाक्रम में एअरो इंडिया में लगभग अस्सी हजार करोड़ रुपए के दो सौ छियासठ साझेदारियों की भी घोषणा हुई है। साथ ही रक्षा क्षेत्र में काम करने वाली एक जर्मन कंपनी भारतीय हेलिकाप्टरों के लिए बाधा निवारण प्रणाली बनाने के लिए हिंदुस्तान एअरोनाटिक्स लिमिटेड के साथ महत्त्वपूर्ण तकनीकों की पूरी शृंखला साझा करने के लिए तैयार है। यह छिपा नहीं है कि पिछले कुछ सालों के दौरान महाशक्ति माने जाने वाले देशों के बीच किस तरह नए समीकरण खड़े हो रहे हैं। खासतौर पर रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध के संदर्भ में यह ज्यादा साफ उभरा। लेकिन इस दौर में भारत ने जिस तरह अलग-अलग ध्रुवों के बीच संतुलन कायम करने, विरोधी खेमों के बीच संवाद बनाने और युद्ध जैसी जटिल स्थिति में भी हल के रास्ते तैयार करने में एक कड़ी के रूप में अग्रणी भूमिका निभाई है, वह दुनिया के सभी देशों ने देखा। अमेरिका और रूस के बीच मतभेदों के बीच भी भारत ने अपनी स्वतंत्र हैसियत स्पष्ट रखी और इस तरह एक समांतर शक्ति के ध्रुव के रूप में खड़ा हुआ है।

# महाशिवरात्रि पर विशेष:क्यों की जातीं है 'शिवलिंग' की पूजा

लिंग का जो आध्यात्मिक अर्थ है वो प्रतीक और प्रमाण दोनों होता है। लिंग माने प्रतीक और लिंग माने प्रमाण और इन्हीं दोनों अर्थों के कारण शिवलिंग पूजनीय होता है। एक अर्थ में शिवलिंग द्योतक होता है निराकार सत्य का, वेदों में, अथर्ववेद में स्तंभ का उल्लेख आता है। स्तंभ माने खम्बा और किस अर्थ में स्तंभ का उल्लेख आता है? संभालने वाले के अर्थ में। कि जैसे एक खम्बा



होता है उस पर आप काफी कुछ टिका सकते हैं , एक खम्बा होता है वो सहारा बनता है, अवलंभ बनता है। उसपर टिककर खड़े हो सकते हो, उससे कुछ बाँध सकते हैं। उस अर्थ में कहा जाता है, कि ब्रह्म एक स्तंभ की भाँति है, सत्य एक स्तम्भ की भाँति है, पूरा संसार ही उसपर आश्रित है।" प्रतीक भर है 'स्तंभ'। वही जो स्तंभ है वो आगे चलकर के शिवलिंग हो गया, निराकार ब्रह्म का प्रतीक। अब इतना पुराना ये प्रतीक है शिवलिंग कि मोहनजोदड़ो की खुदाई हुई वहाँ से भी बहुत सारे शिवलिंग मिले। तो आप समझ लीजिए कि कम-से-कम पाँच से छह हजार साल पुराने शिवलिंगों के तो प्रमाण ही मिलते हैं। कि आप अगर वेदों को लें या शैव मत वालों को लें या लिंगायत मत वालों को लें सबकी थोड़ी-थोड़ी अपनी-अपनी अलग-अलग मान्यताएँ हैं शिवलिंग को लेकर के। पुराण कहानियाँ बताते हैं, उनमें मान्यताएँ नहीं हैं। तो शिव-पुराण में कुछ कहानियाँ हैं, लिंग पुराण में कुछ कहानियाँ हैं। फिर आधुनिक समय में प्राच्य विद्या विशारद हुए तो उनको जैसा अपनी पाश्चात्य दृष्टि से समझ में आया तो उन्होंने कह दिया- नहीं, ये शिवलिंग तो वास्तव में मानवीय लिंग का ही रूप है, और ये जिस पीठ पर स्थापित है वो मानवीय योनि मात्र है। तो बहुत तरह की उसमें कहानियाँ बना दी गईं, प्रचारित कर दी गईं लेकिन जो कुल मूल बात है वो ये है कि शिवलिंग निराकार और साकार सत्य दोनों का एक साथ प्रतिनिधित्व करता हैं। निराकार सत्य का इस रूप में कि वो अवलंबन है। याद रखो उसको जो अवलंबन है-अवलंबन माने सहारा-याद रखो उसको जिसके सहारे ये पूरी दुनिया खड़ी हुई है। जैसे आप एक खम्बे को प्रतीक बना लें कि ये-और कोई भी प्रतीक हो सकता था, ये एक बस बात है कि एक स्तंभ को आपने प्रतीक बना लिया। तो इसके सहारे पूरी दुनिया चल रही है, निराकार के सहारे सब साकार चल रहा है। दूसरे तल पर अर्थ हुआ कि पुरुष है जो प्रकृति के बीचों-बीच शांत, स्थिर बैठा हुआ है। योनि प्रकृति का प्रतिनिधित्व करती है और लिंग पुरुष का। तो इन्हीं दोनों के संयोग से सारी सृजनात्मक शक्ति है।

लेकिन इन दोनों का संयोग इस तरीके से है कि समस्त प्रकृति के मध्य भी पुरुष अस्पर्शित है, अचल है और इसीलिए वो पूजनीय है। जो निराकार को पूजना चाहें उनके लिए शिवलिंग निराकार ब्रह्म का प्रतीक है, जो साकार को पूजना चाहें उनके लिए शिवलिंग प्रकृति और पुरुष के समुचित संयोग का प्रतीक है। जब आप शिवलिंग को नमन कर रहे हो तो वास्तव में आप पुरुष को अर्थात चेतना को नमन कर रहे हो। आप ऐसी चेतना को नमन कर रहे हो जो है तो प्रकृति के मध्य लेकिन फिर भी अपनी स्वतंत्र सत्ता अक्षुण्ण रखे हुए है। वो प्रकृति में लीन या लिप्त नहीं हो गया, वो वहाँ होते हुए भी अलग है। वहाँ होना तो अनिवार्यता है। संसार में चेतना का होना हमेशा संसार के बीचों-बीच ही होगा, इंसान में चेतना का होना हमेशा इंसानी शरीर के बीचों-बीच ही होगा। तो वो तो अनिवार्यता है। प्रकृति नहीं तो पुरुष नहीं और जीव नहीं तो जीव की चेतना नहीं लेकिन प्रकृति के होते हुए भी, शरीर के होते हुए भी आपकी जो चेतना है वो शिवलिंग की भाँति ही अटल रहे, अचल रहे, उसमें कोई कम्पन नहीं हो रहा है, उसमें कोई राग-द्वेष, कोई लहरें नहीं उठ रही हैं इसलिए शिवलिंग पूजनीय है। तो चाहो तो उसको निराकर सत्य मान लो और चाहो तो उसको अध नारीश्वर का प्रतीक मान लो, चाहो तो उसको निर्गुण ब्रह्म का प्रतीक देख लो और चाहो तो उसको इस बात का प्रमाण मान लो कि इस सगुण दुनिया में भी चेतना अक्षुण्ण रह सकती है। और शिवलिंग ऊँचे सत्य का द्योतक है। प्रतीकों का अर्थ करते समय दो बातों से बचना चाहिए। पहली बात ये कि कोई अर्थ किया ही नहीं और प्रतीक को ही सत्य समझ लिया। और दूसरा, कि जो उसमें अर्थ निहित है ही नहीं तुमने वो भी निकाल लिया। ये जो अति है, अतिरिक्त अर्थ करने की, इससे बचना जरूरी है क्योंकि आप अतिरिक्त अर्थ, अतिशय विवेचना करते ही इसीलिए हो ताकि जो सीधी, सरल, प्रत्यक्ष बात है उससे बच सको। सीधी बात ये है कि संसार में रहना है लेकिन संसार से अस्पर्शित रहकर। और इस बात से थोड़ा हमें और बचना है। देखिए जिन लोगों को समझ में नहीं आया कि शिवलिंग किस चीज का प्रतीक है उन्होंने बहुत अपमान किया है उसका और वो जो अपमान है वो बहुत हद तक आज के जो पढ़े-लिखे सनातनी हिन्दू हैं उन्होंने भी स्वीकार कर लिया है। अब इस्लाम में उदाहरण के लिए मूर्ति-पूजा का निषेध है। तो जब इस्लामी आक्रांता भारत आए, उन्होंने जगह-जगह शिवलिंग को देखा तो उन्होंने लोगों से पूछा, "ये क्या चीज है?" अब उसमें जो गूढ़ और सूक्ष्म अर्थ निहित है वो तो समझाने वाले ना समझा पाए, समझने वाले ना समझ पाए। उनको तो बस ये लगा कि ये जो लिंग है ये जैसे पुरुषों के शरीर में लिंग होता है वैसा लिंग है और ये लिंग जिस चीज पर आरूढ़ है, स्थापित है वो स्त्री के शरीर में जैसी योनि होती है वैसी ही योनि है। तो उन्होंने कहा कि "ये तो गंदी भद्दी चीज है, इसको तोड़-ताड़ दो।"तो शिवलिंग खूब तोड़े गए और चूँकि वो

चीज गंदी और भद्दी मानी गई तो इसीलिए उसको तोड़कर के फिर उनकी जगह पर नई इमारतें खड़ी की गई या नए पूजा स्थल खड़े किए गए, मस्जिदें वगैरह खड़ी की गईं और फिर भारत में अंग्रेज आए। उन्होंने कहा कि कि ये भारतीय दर्शन क्या है, भारतीय धर्म क्या है। तो फिर प्राच्य विद्या विशारद आए जिनका काम यही था कि जाओ और इनके ग्रंथों को पढ़ो, इनके प्रतीकों और इनकी सभ्यता को देखो। तो उन्होंने और शोर मचाया, उन्होंने कहा कि "यहाँ तो अश्लीलता बहुत है, ये देखो ये जिन देवता की सबसे ज्यादा पूजा करते हैं वो ही लिंग के रूप में पूजे जाते हैं।" अब वहाँ जो विक्टोरियन मोरालिटी थी पश्चिम में उसके लिए ये बात बहुत विचित्र थी और अस्वीकार्य थी कि लिंग की पूजा हो रही है। तो उन्होंने जो पढ़ा-लिखा भारतीयों का वर्ग था उनके सम्पर्क में, उनमें ये भावना डाल दी कि "देखो तुम्हारा तो जो पूरा अतीत ही है वो अश्लीलता से भरा हुआ है।" और वो बात, वो झूठा सिद्धांत, वो एकदम हास्यास्पद जो मान्यता है वो आजतक न सिर्फ चली आ रही है बल्कि बहुत लोगों में वो फैल गई । हमारा हमारे वास्तविक अध्यात्म से बहुत कम संबंध रह गया है, वेदांत से हमारा कोई परिचय नहीं। हम रूढ़ियों, प्रथाओं, परम्पराओं में जी रहे हैं बिना उनका अर्थ जाने। हम प्रतीकों की अंधी पूजा कर रहे हैं बिना ये समझे कि ये प्रतीक इशारा किधर को कर रहा है। वो बहुत ऊँची जगह की ओर इशारा कर रहा है पर उस ऊँची जगह से हमें कोई सम्बन्ध नहीं, प्रेम नहीं। उसका ये नतीजा निकलता है कि बहुत लोग होते हैं फिर जो अध्यात्म से अपनी निष्ठा खोते जाते हैं और जो लोग धर्म के साथ जुड़े भी रह जाते हैं वो सिर्फ अंधभक्ति में जुड़े रह जाते हैं। उन्हें समझने से कोई मतलब नहीं होता, वो बस पुरानी परम्पराओं को रटकर दोहरा रहे होते हैं। अगली बार जब आप शिवलिंग को देखें तो और कुछ आप समझते हों या ना समझते हों, ये ध्यान रखें कि, मुझे भी ऐसे ही अकंप, निश्चल, तन कर खड़ा रहना है दुनिया के आवेगों के बीच, संसार के थपेड़ो के बीच, संसार के आकर्षण-विकर्षण के बीच। दुनिया मुझे ऐसे ही चारों तरफ से घेरे रहेगी (जैसे शिवलिंग घिरा रहता है), ऐसे ही घेरे रहेगी और मैं यहाँ से छूट कर भाग नहीं सकता, घिरा हुआ हूँ घिरा ही रहूँगा लेकिन घिरे-घिरे भी अपनी शान में तना खड़ा रहूँगा। घिरे रहना तो उसी दिन तय हो गया था जिस दिन पैदा हुए थे। जिस दिन तुम पैदा हुए थे उसी दिन वेदांत कहता है कि आत्मा पाँच कोषों से घिर गई थी। कहते हैं सत्य अनंत है, आत्मा अनन्त है लेकिन तुम पैदा हुए नहीं कि जो अनंत है वो भी एक नहीं पाँच कोषों से घिर जाता है, ये कैसे हो सकता है? यही तो माया है कि जो अनंत है उसके ऊपर भी कुछ बिलकुल छिलके की तरह चढ़ जा रहा है। तो जो मुझे घेरे हुए है उससे तो पीछा छुड़ा नहीं सकता। हाँ, उसका रूप-रंग बदल सकता है ज्यादा मैं हाथ-पैर चलाऊँगा तो, पर उससे हमें कोई सांत्वना नहीं। हमें इस बात की कोई आशा नहीं है, हमें ऐसी कोई गलतफहमी नहीं है कि एक भी दिन ऐसा आने वाला है कि हम शरीर धरे-धरे भी पूर्णतया मुक्त हो जाएँ। अरे, शरीर से थोड़े ही मुक्त हो गए, पूर्णतया मुक्त कैसे हो जाओगे शरीर धरे-धरे? तो वो जो योनि ने एक परीधि स्थापित कर रखी है, जो एक घेरा डाल रखा है वो तो रहेगा-ही-रहेगा लेकिन तुम्हें उसके बीच भी अपना शिवत्व कायम रखना हैं, तुम्हें उसके बीच भी अपना सत्य कायम रखना है। अगर शिवलिंग आपके भीतर ऐसी भावना, ऐसा विचार प्रेरित कर देता है तब तो समझिए कि आपका लिंग के समक्ष जाना सफल हुआ अन्यथा अगर आप वहाँ जाकर के वो परिक्रमा कर रहे हैं और दूध चढ़ा रहे हैं और प्रणाम कर रहे हैं तो इससे किसी को कोई लाभ नहीं होने वाला। भारत में धर्म दर्शन से उठा है। 'दर्शन' माने समझदारी, विचारणा। विचार इतनी दूर तक गया और इतना गहरा गया है कि वो निर्विचार में बदल गया है। विचार इतना गहरा गया है कि वो जिंदगी में, जीवन में बदल गया है। सोच इतनी ईमानदार रही है कि इंसान को उसको जीना पड़ा है कि जब इतना सोच लिया, इतनी गहराई तक बात चली गई तो जो सोचा है उसको तो अब जीना भी तो पड़ेगा। तो बिना सोचे, बिना समझे अगर आप धर्म का पालन करने निकले हैं तो आपका धर्म कोई धर्म नहीं। भारत में 'धर्म' का मतलब विश्वास नहीं है, मान्यता नहीं है। वेदांत आपसे ये नहीं कहता कि अगर तुम सनातनी हो या अगर तुम वेदांती हो तो पहले तुम स्वीकार करो कि, एक इस तरीके का भगवान है या ईश्वर है या कोई ऊपरी शक्ति है उसने ऐसा-ऐसा करा, नहीं। दुनिया की और धार्मिक धाराओं में और वेदांत में यही मूल अंतर है। यहाँ बात स्वीकार से नहीं सवाल से शुरू होती है। पहले सवाल आता है कि ये जो है ऐसा क्यों है और सवाल के जवाब में भी अक्सर सवाल ही आता है। ये वेदांत की प्रक्रिया है, इससे ज्यादा साफ, इससे ज्यादा कड़ी, इससे ज्यादा ईमानदार प्रक्रिया दूसरी नहीं है। यहाँ समझने पर जोर है। तो आप अगर शिवलिंग को समझे नहीं तो आपने शिवलिंग को अपने लिए व्यर्थ कर दिया। समझिए। ऐसे नहीं रहना है; इस बात को दो अलग-अलग तरीकों से अभिव्यक्त किया गया है। एक तरीका है ये कहने का कि तुम साक्षी हो जाओ। जब आप इस तरीके को देखते हो तो ऐसा लगता है जैसे कहा जा रहा है कि अलग हो जाओ। और दूसरा तरीका है कहने का जैसे तंत्र में कहा जाता है कि एक यूनियन हो जाए, एक योग हो जाए, एक पूर्ण मिलन हो जाए। जब उसको आप देखते हो तो ऐसा लगता है जैसे कहा जा रहा हो कि तुम प्रकृति से पूरी तरह लिप्त ही हो जाओ। नहीं, न तो ये कहा जा रहा है साक्षी होने में कि दुनिया से बिलकुल अलग हो जाओ और न ये कहा जा रहा है तंत्र में कि दुनिया से एकदम लिप्त हो जाओ।

**-आचार्य प्रशान्त वेदांत मर्मज्ञ, लेखक, पूर्व सिविल सेवा अधिकारी एवं संस्थापक, प्रशान्त अद्वैत फाउंडेशन**

## समाजसेवी संगठन ने विद्यालय को भेंट किया पेंट का सामान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ओखलढुंगा भीमताल में आयोजित एक समारोह में प्रधानाचार्य हेमंत कुमार खोलिया को विद्यालय के लिए समाजसेवी हेमंत गोनिया की पहल पर वन विभाग के रेंजर मुकुल शर्मा, अधिशासी अभियंता जल संस्थान हल्द्वानी अशोक कटारिया, तिवारी टूरिस्ट होटल के मालिक प्रदीप तिवारी, अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण



खंड ग्रामीण हल्द्वानी डीडी पागती द्वारा पेंट का सामान दान स्वरूप दिया गया। विद्यालय के लिए पेंट करने के लिए पेंटर की व्यवस्था हल्द्वानी के व्यवसाई सुलभ खंडेलवाल द्वारा निशुल्क उपलब्ध कराई गई। इस मौके पर दीपक शर्मा, ललित मोहन तिवारी, हेमंत सिंह गोनिया, आरएस खंपा, दीप्ति दीगारी, प्रमोद त्रिपाठी, ध्यान सिंह नेगी, हीरा संभल, बालम संभल, ललित मोहन संभल, मौजूद थे।

## ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों को दिया प्रशिक्षण

गदरपुर (उद संवाददाता)।राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत ब्लॉक सभागार में ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया स कार्यक्रम के दौरान बीडियो ने ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों से प्रशिक्षण कार्यक्रम का लाभ ग्रामीण क्षेत्र की जनता को दिलवाए जाने पर जोर दिया स इस अवसर पर मां चौरिटेबल ट्रस्ट से पहुंचे राज्य प्रशिक्षक योगेश चंद्र शुक्ला ने पंचायत में होने वाली समस्याओं को जीपीडीपी में शामिल करने ,दूषित जल निकासी, शिक्षा एवं स्वास्थ्य आदि के बारे में विस्तार से जानकारियां दी। इस मौके पर प्रशिक्षक उमाकांत मिश्रा ,ग्राम प्रधान मनजीत कौर, प्रेमवती, मीरा मलिक, दिलशाद ,सुमित उपाध्याय आदि मौजूद थे।

## बंद मकान से चोरों ने उड़ाया लाखों का माल

रामनगर (उद संवाददाता)। बुधवार की देर रात रामनगर कोतवाली के अंतर्गत ग्राम पीरु मदारा क्षेत्र में स्थित मधुबन कॉलोनी में अज्ञात चोरों ने परिजनों की गैरमौजूदगी में घर का ताला तोड़कर लाखों रुपए की नकदी एवं सोने चांदी के आभूषण चोरी कर ली है घटना के बाद कॉलोनी में हड़कंप मचा हुआ है । कॉलोनी में रहने वाले परमजीत बुधवार को अपने किसी रिश्तेदार के यहां परिवार के साथ घर में ताला लगाकर शामिल होने गए थे जब गुरुवार को घर पहुंचे तो घर के मेन गेट का ताला टूटा देख उनके होश उड़ गए और उन्होंने घर के अंदर जाकर देखा तो चोरों द्वारा सभी सामान उल्टा सीधा फेंका हुआ था उनका कहना है कि चोर एक लाख रुपए से अधिक की नगदी एवं लाखों रुपए के सोने एवं चांदी के आभूषण चोरी कर कर ले गए हैं घटना के संबंध में कोतवाली के एसएसआई अनीस अहमद ने बताया कि इस संबंध में पुलिस द्वारा जानकारी जुटाई जा रही है तो वही अभी पीड़ित द्वारा तहरीर नहीं दी गई है उन्होंने बताया कि तहरीर मिलने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## बाघ ने बाइक सवार को किया घायल

रामनगर(उद संवाददाता)। बुधवार की देर रात बाघ ने एक बाइक सवार युवक पर हमला बोलते हुए उसे घायल कर दिया घायल युवक को उपचार के लिए रामनगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है बुधवार की रात ज्वाला वन निवासी असलम गुजर अपने मोहम्मद उमर के साथ बाइक से वन्नाखेड़ा से दवाई लेकर वापस अपने घर आ रहा था इसी बीच रास्ते में अचानक एक बाघ ने उन पर हमला बोल दिया असलम बाइक के पीछे बैठा था और बाघ ने उसकी टांग पर हमला बोलते हुए उसे लहूलुहान कर दिया घटना के बाद दोनों भाइयों ने जब शोर मचाया तो बाघ जंगल की ओर दौड़ गया घायल असलम ने बताया कि बाघ ने कुछ दूरी तक उनका पीछा भी किया लेकिन उन्होंने मौके से बमुश्किल भागकर अपनी जान बचाई जिसके बाद घायल असलम को रामनगर के सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग के अधिकारी भी अस्पताल पहुंचे और उन्होंने घायल से संबंध में जानकारी हासिल की।

# नो एंट्री से यूपी बार्डर पर लगा भारी वाहनों का जमावड़ा

## रूद्रपुर में कांवर यात्रा के चलते यातायात व्यवस्था में किया गया है फेरबदल



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। हरिद्वार से गंगाजल लेकर पहुंच रहे कांवड़ियों की सुरक्षा के लिये पुलिस प्रशासन चौकस हो गया है। कांवर यात्रा के दौरान मुख्य मार्गों पर यातायात व्यवस्था सुचारू बनाये रखने के लिए शहर में भारी वाहनों की नो एंट्री की गयी है। जिसके चलते रामपुर हाईवे में यूपी बार्डर पर भारी वाहनों की लम्बी कतारें लग गयी। इस दौरान जाम के चलते लोगों को भारी फजीहत उठानी पड़ी। बता दें कांवर यात्रा के चलते 18 फरवरी तक जनपद ऊधमसिंहनगर में भारी संख्या में कावड़ियों क आवागमन रहता है। कावड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस महकमा अलर्ट है। जनपद ऊधमसिंहनगर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में भारी वाहनों का प्रवेश निषेध नो एण्ट्री 14 फरवरी से शुरू हो गयी थी। जो 18 फरवरी तक प्रभावी रहेगी। नो एंट्री के चलते रूद्रपुर में रामपुर बार्डर पर बृहस्पतिवार को भारी वाहनों की लम्बी कतारें लग गयी। इस दौरान जाम के चलते लोगों को भारी दिक्कतें उठानी पड़ी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 18 फरवरी तक रामपुर की ओर से आने वाले समस्त भारी वाहन, जिन्हे हल्द्वानी / सिडकुल की ओर जाना है को नो एण्ट्री के नियमों का पालन करते हुये रात्रि 11बजे से सुबह 7 बजे तक चलेंगे। इस दौरान आवश्यक सेवाओं के वाहन जैसे दूध, गैस, फल, सब्जी तथा पैट्रोलियम पदार्थ भरे वाहनों के चलने का समय प्रात: 7बजे से 11निर्धारित किया गया है। कांवरियों की सुरक्षा और शांति व्यवस्था के लिए हाईवे पर जगह जगह पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस जगह जगह संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही है।

## छात्र-छात्राओं को कैरियर के प्रति किया जागरूक

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। एसएसपी प्रदीप कुमार राय के निर्देशन पर जागरूकता कार्यक्रम के तहत इंटरसेप्टर प्रभारी जीवन सिंह सामंत ने राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय



तलाड़, अल्मोड़ा में आयोजित कैरियर काउंसलिंग एवं गाईडेंस प्रोग्राम में छात्र/छात्राओं को उनके कैरियर के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन हमारे जिंदगी का सबसे अहम पड़ाव होता है इस उम्र में ग्रहण की गई शिक्षा ही आगे चलकर हमारा भविष्य तय करती है। आजकल बच्चें मोबाइल पर अनावश्यक चीजों को देखने में अपना समय व्यर्थ करते हैं, इसलिए सभी बच्चे मोबाइल से दूरी बनाकर अपनी पढ़ाई पर ध्यान दें। बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी दी गई। प्रभारी इंटरसेप्टर ने उपस्थित बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति अल्मोड़ा पुलिस की मुहिम सड़क सुरक्षा सत्याग्रह के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देकर अपने अभिभावकों, परिचितों व वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन कराने हेतु प्रेरित किया। बच्चों को स्वयं भी बालिग होने तक वाहन न चलाने की उचित हिदायत दी गई। उत्तराखंड पुलिस एप में उपलब्ध गौरा शक्ति, ट्रैफिक आई, ई एफआईआर सहित सभी ऑनलाइन सुविधाओं की जानकारी दी गई। कैरियर काउंसलिंग एवं गाईडेंस प्रोग्राम में उपस्थित क्रिकेट कोच कु0 हीरा कनवाल, संगीत प्रोफेसर डिग्री कालेज रानीखेत डा0 रेखा सिलोरिया, अधीक्षण अभियंता श्री संजय भारती, मशरुम उत्पादक श्रीमती प्रीति भण्डारी द्वारा विद्यालय के छात्र-छात्राओं को अपने-अपने फील्ड की जानकारी देकर कैरियर हेतु गाईड किया गया। कार्यक्रम में विधायक अल्मोड़ा मनोज तिवारी भी मौजूद रहे।

## डीएम ने किया मल्ला महल का निरीक्षण

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)।मल्ला महल के द्वितीय चरण में होने वाले कार्यों को लेकर जिलाधिकारी वंदना ने कार्यदाई संस्था तथा संबंधित अधिकारियों के साथ मल्ला महल का निरीक्षण किया। इस संबंध में द्वितीय चरण मेंहोने वाले कार्यों की शासन से वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद जिलाधिकारी ने मल्ला महल परिसर के सभी भवनोंका निरीक्षण कर अधिकारियोंको आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान फेस-1 के कार्यों के साथ-साथ फेस-2 के कार्योंको भी प्रारंभ करने के निर्देश दिए साथ ही फेस-2 में प्रस्तावित भवनों के नवीनीकरण तथा खराब भवनों के ध्वस्तीकरण के विषय में नियमानुसार समिति बनाकर कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने संबंधितों को निर्देश दिए कि भवनों के रिनोवेशन एवं ध्वस्तीकरण के कार्य कार्यदाई संस्था द्वारा विषय विशेषज्ञों के माध्यम से कराए जाएं। इस दौरान उन्होंने कहा कि मल्ला महल परिसर के विभिन्न भवनों में उपयोग किए जाने वाली योग्य पुरानी लकड़ियों को रिसाइकल कर विभिन्न फर्नीचर आदि के कार्यों में



उपयोग किया जाए। उन्होंने मालखाने की पुरानी एवं बहुमूल्य वस्तुओं को म्यूजियम गैलरी में प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कलेक्ट्रेट स्टाफ को निर्देश दिए कि यहां से जो भी सामग्री खाली होनी है, उसे 15 मार्च तक अनिवार्य रूप से कर लिया जाए । साथ ही कार्यदाई संस्था को 20 मार्च तक कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने चल रहे प्रथम चरण के कार्यों को लेकर भी संबंधितों को कड़े निर्देश दिए कि कार्यों में प्रगति लाई जाए। साथ ही कहा कि आपसी समन्वय बनाकर कार्यों को गति दी जाए। इस दौरान उपजिलाधिकारी सदर गोपाल सिंह चौहान अधिशाषी अभियंता आरईएस संजय भारती समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## माँ की बरसी को छुट्टी पर आए फौजी की सड़क हादसे में मौत

गरुड (उद संवाददाता)। बैजनाथ पुलिस क्षेत्र के अंतर्गत हरिद्वारछीना के पास एक केमू बस व बाइक में भिड़ंत हो



गई। इस हादसे में बाइक सवार फौजी की मौत हो गई। पीछे बैठे साड़ू भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी बैजनाथ भर्ती किया गया। प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। दोनों साडू भाई तीसरे साडू भाई से मिलने गागरीगोल जा रहे थे। तीसरा साडू भाई उनके घर पहुंचने का इंतजार कर रहा था,पर कुदरत को कुछ और ही मंजूर था। बैजनाथ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम चार बजे बस संख्या यूके 04 पीए-0954 गरुड़ से बागेश्वर की ओर जा रही थी। विपरीत दिशा से आ रही बाइक संख्या-यूके 02 ए-8418 की बमराड़ी के पास हरिद्वारछीना के समीप बस से जोरदार भिडंत हो गई। जिससे बाइक में सवार उतरौड़ा, कपकोट निवासी नवीन चंद्र पुत्र पदम राम उम्र 38 वर्ष और फौजी काफलिगैर तहसील के बोहाला, धुराफाट क्षेत्र निवासी देवेंद्र कुमार पुत्र दीवान राम 26 वर्ष गंभीर रूप घायल हो गए। पुलिस के अनुसार गंभीर रूप से घायल देवेंद्र कुमार ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।थानाध्यक्ष कैलाश सिंह बिष्ट ने बताया कि शव कब्जे में ले लिया है। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैजनाथ में भर्ती किया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। घटना की सभी कोणों से जांच की जा रही है। वही प्राप्त जानकारी के आधार पर म्रतक फौजी गत माह ही अपनी दिवंगत माता दीपा देवी की पुण्यतिथि की वरशी के लिए घर आया था,गत सप्ताह ही मृतक जवान ने अपने नैनिहाल पालड़िछिना, झिरोली में वरसी कार्यक्रम किया था, जिसके बाद अपनी गर्भवती पत्नी अंजली को अपने ससुराल बिलौना में किराए के मकान में रहने लगा था,वही अपनी छुट्टी पूरी होने के बाद वह ड्यूटी लौटने की तैयारी करने लगा था, पर कुदरत को कुछ और ही मंजूर था, सड़क हादसे में फौजी की मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना से मृतक के परिजनों और रिश्तेदारों में शोक की लहर दौड़ गई।मृतक के ताऊ सूबेदार गणेश प्रसाद,और मृतक के रिश्तेदार सूचना मिलते ही जिला अस्पताल पहुंच गए।वही परिजनों द्वारा आर्मी हेडक्वाटर को इसकी सूचना दे दी गई है, अब पोस्टमार्टम के बाद राजकीय सम्मान के साथ सरयू गोमती संगम तट पर मृतक सेना के जवान की अंत्येष्टि की जाएगी।

## हत्यारोपी को दस साल का सश्रम कारावास

बागेश्वर(उद संवाददाता)।जिला सत्र न्यायाधीश शहंशाह मोहम्मद दिलबर दानिश ने हत्या के आरोपी को दस साल के सश्रम कारावास की सजा से दंडित किया है साथ ही उस पर पांच हजार का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर दो साल के अतिरिक्त कारावास की सजा भी सुनाई है। घटना के अनुसार 16 जनवरी 2022 को थाना कपकोट के मुनार गांव में मां भगवती कंस्टक्शन कंपनी का कार्य चल रहा था। सड़क निर्माण में नेपाल मूल के मजदूर कार्य कर रहे थे जबकि दो मजदूर काम पर नहीं गए थे। काम पर न गए मजदूर बुदिध राम पुत्र सेती राम 28 वर्ष निवासी हिमांचल प्रदेश व सुरखेत नेपाल निवासी प्रकाश नेपाली उर्फ प्रकाश राम अपने किराये के कमरे में थे। घटना के दिन इन दोनों द्वारा दिन में शराब पीकर आपस में लड़ाई की तथा प्रकाश नेपाली ने बुदिध राम के सिर में घन से प्रहार कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने मामला दर्ज करके अदालत में चार्ज शीट प्रस्तुत की। जिला सत्र न्यायालय में अभियोजन पक्ष ने पक्ष रखते हुए कुल 14 गवाह परीक्षित करवाए। गवाहों के बयानों व पत्रावलियों का अध्ययन करने के बाद जिला सत्र न्यायाधीश ने आरोपी को दोषी पाते हुए 10 साल के सश्रम कारावास व पांच हजार के अर्थदंड से दंडित करने की सजा सुनाई साथ ही आदेश में कहा कि अर्थदंड जमा न करने पर दो साल का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। मामले की पैरवी जिला शासकीय अधिवक्ता गोविंद बल्लभ उपाध्याय व सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता चंचल पपोला ने की।

## पेज एक का शेष...

**बेहड़ का हुआ किडनी...** पल्ली ,हरीश सुखीजा ,दीपक गुगलानी ,सागर छाबड़ा ,सतपाल गाबा,विजय जग्गा, कमलेश गुप्ता ,अजय यादव,गोरी शंकर, जगदीश टंडन, अशोक कुमार ,रोहित जग्गा ,राकेश सुखीजा,अजय सहगल,शिवम जग्गा,गुलशन अरोरा, नरेश शर्मा,सुनील आर्य,सुनील जड़वानी ,रजत सेठी,गगन वाधवा, सचिन तनेजा, इंदरजीत सिंह, महावीर आजाद,विजय अरोरा,मोनू निषाद, राजीव कामरा,विजय यादव, गौरव गांधी,हरीश बावरा आदि थे। **किच्छा-** कांग्रेस कमेटी द्वारा हल्द्वानी रोड स्थित हनुमान मंदिर में उनके स्वास्थ्य लाभ के लिए हवन कराया गया। कांग्रेसियों ने हवन में सम्मिलित होकर स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इस मौके पर नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी,महिला नगर अध्यक्ष सुनीता कश्यप, नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, राजेश प्रताप सिंह, सुनील ठाकुर, ओमप्रकाश दुआ, दिलीप सिंह बिष्ट,विनोद पंत, रामबाबू सिंह, ओम प्रकाश गंगवार, मेजर सिँह,अशोक चुग,जीवन जोशी, निशांत शाही,चंदन पांडे, राजकुमार कोली, जगरूप सिँह गोल्डी, महेंद्र सिंह, मीना शर्मा,रणजीत सिँह,छोटे लाल कोली, राकेश खुराना, दुर्गेश गुप्ता ,डिम्पल सिँह मानवेन्द्र सिँह, संतोष ठाकुर, राजेश अरोरा,अक्षय प्रताप सिँह आदि लोग हवन में सम्मिलित हुए। उधर गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब तथा गुरुद्वारा श्री उत्तम नगर बाबा बुड्ढा साहिब में सुबह अरदास में विधायक तिलकराज बेहड़ के शीघ्र स्वस्थ होने की अरदास की गयी। इस मौके पर सरदार निर्मल सिंह पाल, सतपाल गाबा, मेजर सिंह,जितेंद्र संधू,दलजीत कक्कड़ ,डिंपल सिँह, लवली कक्कड़,साब सिँह,हरभजन सिँह, परमजीत सिँह पम्मी,तृप्त पाल सिँह गंभीर,आदि लोग उपस्थित रहे।वहीं मुस्लिम समाज के लोगों ने अलग अलग मजारों पर विधायक तिलकराज बेहड़ के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए चादर चढ़ाई। बेनी नदी मजार तथा टांडा में स्थित मजार में विधायक बेहड की दीर्घायु के लिए दुआ मांगी गयी। इस मौके पर हाजी सरवर यार खां , लियाकत अली, नजाकत खां, फिरासत खां, इन्तजार मलिक,अन यू कहां, ताहिर मलिक,मोहम्मद आरिफ, दानिश मलिक,अफजाल शेरी,फजील खां,हसीब खां,इम्तियाज मलिक,अख्तर रजा, खतीब अहमद, मोहम्मद इरशाद आदि लोग उपस्थित रहे।

**बेहड़ के छोटे पुत्र...**उन्होंने उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के लोगों की सेवा की है। 2022 में उन्होंने किच्छा से मौजूदा विधायक राजीव शुक्ला को चुनाव हराया लेकिन चुनाव नतीजे आने से पहले ही उनको किडनी की गंभीर बीमारी ने जकड़ लिया, तबसे वह लगातार अस्वस्थ चल रहे हैं। विपक्षियों ने क्षेत्र से उनकी गैरमौजूदगी को राजनीतिक हथियार के रूप में भी इस्तेमाल किया। यही कारण था कि बेहड़ ने पिछले दिनों एक वीडियो जारी कर अपने बिगड़ते स्वास्थ्य की जानकारी लोगों को दी थी।

**कृषि उपाधि लेने वाले...**में होने पर भी वहां उत्पादन अधिक है। हमें अपना प्रोडक्शन बढ़ाना होगा। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आप सब इसके सैनिक हैं जो उत्पादकता को बढ़ाएंगे। समारोह में कृषि मंत्री गणेश जोशी, डीजी आईसीएआर डॉ हिमांशु पाठक समेत तमाम लोग

**ड्रोन से टीबी की...** उतारने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के दुर्गम क्षेत्र में जहां सड़क मार्ग के जरिये जरूरतमंदों तक दवाओं को भेजने और वहां से आवश्यक सेंपल एम्स ऋषिकेश तक लाने में बहुत ज्यादा वक्त लगता था। उन स्थानों के लिए अब ड्रोन सेवा बेहतर विकल्प बन गया है।

**गोदाम से पम्प...**मौके पर रंगे हाथो पकड़ने कि कोशिश की जिसमे सुभाष शील को पकड़ लिया व उसके साथी असीम शील व आलौक भागने में कामयाब हो गयें। सुभाष शील को 3 पम्प सहित कोतवाली पुलिस के हवाले किया गया गया है। पुलिस ने मामले में कार्यवाही शुरू कर दी है।

**हेड कास्टेबल की...**कर रही है। एस एस आई विनोद फर्त्याल ने बताया कि काडू उर्फ वसीम को गिरफ्तार करने के लिए एक टीम गठित कर जल्द काडू गिरफ्तार हो जाएगी! पुलिस टीम में कोतवाल भूपेंद्र सिंह बृजवाल, एसएसआई विनोद फर्त्याल, जगदीश तिवारी, हेड कॉन्स्टेबल नरेंद्र यादव, देवेंद्र कन्याल, भारत भूषण, भुवन पांडे, बलवंत सिंह शामिल रहे।

**हादसेमें घायल...** मार दी जिससे भाई वही गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे ईलाज हेतु बेहोशी की हालत में निजी चिकित्सालय ले जाया गया। डॉक्टरों द्वारा बताया गया कि ब्रेन डेड होने से इन्हें बचाया जाना सम्भव नहीं है। जिसके बाद भाई की मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अंग्रेजी शराब के जखीरे के साथ तस्कर गिरफ्त में

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भोटिया पड़ाव चौकी पुलिस ने अंग्रेजी शराब के जखीरे के साथ एक नशा तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से कुल 17 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई। जानकारी के अनुसार हरेन्द्र चौधरी प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के नेतृत्व में क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम एवं तस्करों को गिरफ्तार करने हेतु टीम गठित की गयी। उप निरीक्षक प्रकाश पोखरियाल चौकी प्रभारी भोटिया पड़ाव, कांस्टेबल कमल पांडे , प्रकाश बडाल, संजीव राज द्वारा चेकिंग के दौरान एक नशा तस्कर सनी आर्य पुत्र राम प्रसाद आर्य निवासी कुमाऊं कॉलोनी दमुंवाढुंगा को डॉ. विनोद भट्ट अस्पताल से आगे अवैध अंग्रेजी शराब की कुल 17 पेटियां जिसमें 173 बोतल, 56 हाफ अंग्रेजी शराब की बोतल भरी थी सहित गिरफ्तार किया गया।पूछताछ करने के बाद पुलिस ने शराब कब्जे में लेकर मुकदमा दर्ज कर लिया।


### सूचना नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम किरनदीप कौर (KIRANDEEP KAUR) था। अब मैंने अपना नाम परिवर्तन करके पिंकी कौर (PINKI KAUR) रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नए नाम पिंकी कौर (PINKI KAUR) के नाम से ही लिखित एवं मौखिक रूप से जाना व पहचाना जाए।

पिंकी कौर पत्नी श्री सुखविन्दर सिंह,
निवासी ग्राम बेरिया दौलत, भजुआनग्ला,
बाजपुर, जिला उधमसिंह नगर



**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# रुद्रपुर में लॉन्च हुई जियो ट्रू5 जी सर्विस

## विधायक शिव ने किया शुभारंभ,उत्तराखण्ड के 6 शहर जियो ट्रू 5 जी सर्विस से जुड़े

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड के तीन और शहरों ऋषिकेश, हल्द्वानी–काठगोदाम और रुद्रपुर में आज जियो ट्रू5 जी सर्विस लॉन्च हो गई हैं। यहां गल्ला मंडी में जियो ट्रू 5जी सर्विस कार्यालय का विधायक शिव अरोरा ने वरिष्ठ समाजसेवी प्रीत ग्रोवर के साथ संयुक्त रूप से शुभारंभ किया। उन्होंने कंपनी के सभी अधिकारियों, डिस्ट्रीब्यूटर तथा कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं। कंपनी के स्टेट बिजनेस हेड गौरव आनंद ने बताया कि राजधानी देहरादून, हरिद्वार और रुड़की शहर में पहले ही जियो की ट्रू5जी सर्विस शुरु की जा चुकी हैं। तीन शहरों में लॉन्च के साथ ही उत्तराखंड में जियो के ट्रू5जी नेटवर्क से जुड़ने वाले शहरों के संख्या 6 पहुंच गई है। ऋषिकेश, हल्द्वानी काठगोदाम और रुद्रपुर में 5जी सेवा शुरु करने वाला जियो पहला और एकमात्र ऑपरेटर है। इसके साथ ही देश भर में जियो के ट्रू5जी से जुड़ने वाले शहरों की संख्या बढ़कर 257 हो गई है। जियो प्रवक्ता ने कहा कि ऋषिकेश, हल्द्वानी काठगोदाम और रुद्रपुर में जियो ट्रू5 जी की शुरुआत से बेहद उत्साहित हैं। देश भर में ट्रू5जी रोल आउट की स्पीड बढ़ा दी है और दिसंबर 2023 तक पूरा देश जियो ट्रू5जी से जुड़ जाएगा। इससे पूर्व विधायक शिव अरोरा व समाजसेवी प्रीत ग्रोवर का कंपनी अधिकारियों तथा डिस्ट्रीब्यूटर शैलेंद्र ग्रोवर ने स्वागत किया। इसके पश्चात कार्यालय से बाइक रैली निकाली गई। इस दौरान केसी बिंदल, पंकज पाण्डे, राजीव श्रीवास्तव, सोनू शर्मा, रवि मौर्य, गौरव आनंद जिओ स्टेट बिजनेस हेड उत्तराखंड, हितेश उंडेविया जिओ सेल्स एंड डिसटीब्यूशन हेड उत्तराखंड, संजय गोयल जिओ चीफ टेक्निकल ऑफीसर उत्तराखंड, प्रीत बत्रा जिओ फाइनेंस हेड उत्तराखंड, निशिकांत वर्मा सीएसडी कस्टमर सर्विस, पीयूष गुप्ता जिओ सेंटर मैनेजर रुद्रपुर, शैलेंद्र ग्रोवर डिस्ट्रीब्यूटर जिओ रुद्रपुर सिटी, सचिन गोयल डिस्ट्रीब्यूटर जिओ रूद्रपुर सिटी, मनोज कांडपाल जिओ मोबिलिटी लीड, मनोज कुमार जियो चौनल सेल्स लीड रुद्रपुर, उज्जवल अग्रवाल जियो चौनल सेल्स लीड ट्रांजिट कैंप, ललित कुमार जिओ शिवालिक आदि मौजूद थे।






## टेम्पो में तीन पेटी देसी शराब ले जाते एक गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। काठगोदाम थाना पुलिस ने गश्त के दौरान टेम्पो में तीन पेटियों में देशी शराब के पव्वे ले जाते एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। जानकरी के अनुसार प्रमोद पाठक थानाध्यक्ष काठगोदाम के नेतृत्व में नशे के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुये प्रातः यातायात व्यवस्था को दुरुस्त एवं सुचारू रूप से चलाने हेतु चेकिंग के दौरान टेम्पो संख्या यूके 04 टीए 8003 को रोककर उसकी तलाशी ली तो उसमे तिनपेटी देशी शराब की बरामद हुई। जिसमे कुल 144 पव्वे देशी शराब के भरे हुए थे। जिस पर पुलिस ने टेम्पो चालक को हिरासत में लेकर उसे पूछताछ की तो उसने अपना नाम पता शहादत हसन पुत्र वली हसन निवासी रामलीला ग्राउण्ड के पास शीशमहल काठगोदाम बताया। उसका कहना था कि वह हल्द्वानी से अमृतपर जमरानी तक आटो चालक का काम करता है। वह हल्द्वानी से सस्ते दामों में शराब खरीदकर जमरानी अमृतपुर ले जाकर महंगे दामें में बेच देता है। जिससे उसे काफी मुनाफा हो जाता है। पुलिस ने बरामद शराब व टेम्पो कब्जे में लेकर शहादत के विरूद्ध थाना काठगोदाम में मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस टीम में हेका. महेश महतोलिया, कानि. सन्तोष बिष्ट, कारज सिंह व योगेश कुमार शामिल थे।



## विहिप ने की कांवरियों की सुरक्षा व मांस की दुकानें बंद कराने की मांग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विश्व हिंदू परिषद तथा बजरंग दल के पदाधिकारियों ने डीएम, एसएसपी तथा एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर उनसे शिवरात्रि के पर्व पर यात्रा मार्ग में कांवरियों की सुरक्षा करने व मांस की दुकानें बंद कराने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि शिवरात्रि के पावन पर्व पर कांवरिये हरिद्वार से कांवड़ में जल लेकर शिवलिंग पर चढ़ाते हैं। यात्रा मार्ग में मांस की दुकानें खुली होने से कांवड़




तथा जल दूषित होने की संभावना बनी रहती है। वहीं कांवरियों की सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए जाएं। एसएसपी ने तत्काल संपूर्ण जनपद में आगामी 18 फरवरी तक मांस की दुकानें बंद कराने व यात्रा मार्ग में कानून व्यवस्था पुख्ता रखने के लिए अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया। ज्ञापन देने वालों में हैप्पी चौहान, सुल्तान सिंह, वीरेंद्र यादव, जोगेंद्र सिंह, सुधीर देवल, अमित देवल, संदीप वाल्मीकि, सुध ाकर द्विवेदी, राजू बिष्ट,आनंद नेगी, डा. मणिशंकर, अजयपाल आदि शामिल थे।

## पांच बाईकों सहित वाहन चोर गिरफ्तार

गदरपुर (उद संवाददाता)। चोरी हुई मोटरसाइकिलों की बरामदगी व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान महतोष तिराहे के पास सैफ अली पुत्र अय्यूब निवासी वार्ड न0 6, इस्लामनगर गदरपुर को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से बिना नंबर की एक मोटर साइकिल स्पैलेण्डर प्लस बरामद की गयी। छानबीन करने पर उक्त बाइक राम सिह पुत्र हुकुम सिह निवासी बिन्दुखेडा रूद्रपुर की निकली। जोकि कुछ दिन पूर्व भाखडा पुल के पास से चोरी की गयी थी। पूछताछ के बाद आरोपी की



निशानदेही पर 4 मोटरसाइकिलें भाखडा पुल के नीचे शमशान घाट को जाने वाले रास्ते के बगल वाली झाडियो में बरामद की गयी थी। जो गदरपुर और काशीपुर से चुरायी गयी थी। आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पकड़ने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष राजेश पाण्डेय,उप निरीक्षक ओमप्रकाश एवं महेश चन्द्र ,कां. गोरख नाथ,कैलाश मनराल एवं इमरान अंसारी शामिल थे।



## महिलाओं के लिए उद्यमिता विकास कार्यक्रम आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। समाज में महिलाओं को स्वरोजगार के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से पंचायत भवन रामेश्वरपुर विकासखंड में दो दिवस उद्यमिता विकास प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ ग्राम प्रधान अशोक कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन उद्यमिता विकास कार्यक्रम को कैसे किया जाए महिलाओ को उस पर प्रशिक्षण दिया गया। ग्राम की महिलाओं को स्वरोजगार के प्रति जागरूक करते हुए ग्राम प्रधान ने विभिन्न सरकारी योजनाएं के बारे में बताया। उन्हें अपना खुद का व्यवसाय खोलने के प्रति प्रेरित किया। अधिवक्ता सुभाषिनी द्विवेदी अपने संबोधन में घर से क्या व्यवसाय हो सकता है उस पर विस्तार से प्रकाश डाला। महिलाओं को जागरूक करते उन्होंने कहा मोमबत्ती, अचार, पापड़, मसाले आदि के बनाने का प्रशिक्षण लेकर महिलाएं घर में ही अकेले या समुह के रूप में अपना कार्य शुरू कर सकती हैं।उन्होंने किस तरीके से कच्चा माल लाकर अपने घर में रख कर उसको बाजार में बेचने के बारे में भी बताया। कई महिलाएं उनकी बातों से प्रभावित होकर कार्य करने की प्रति जागरूक हुई। शिखा त्रिपाठी अपने गांव की महिलाओं को जागरूक करने का हर संभव प्रयास करती है कि इन तक सभी सरकारी योजनाएं पहुंचे और विभिन्न जानकारी भी समय–समय पर पहुंचाती रहती है। यह बहुत सराहनीय कार्य है। कार्यक्रम का संचालन शालिनी गुप्ता द्वारा किया गया। महिलाओं को जिला उद्योग केंद्र योजनाएं, स्वरोजगार योजना, सब्सिडी की जानकारी दी। साथ ही कृषि विभाग, समाज कल्याण विभाग, महिला समूह, युवा कल्याण विभाग, श्रम विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। संस्था प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश बिष्ट द्वारा ऑनलाइन वार्ता के माध्यम रोजगार करने पर सरकारी लोन में कितने प्रतिशत सब्सिडी प्राप्त हो सकती है व अपने संस्था के बारे में प्रकाश डाला। इस दौरान सोना, पार्वती, अंजू, तारा रानी, हेमलता कटारिया, सोनम, भावना छाबड़ा, मंजू, शिखा त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।



## दलित युवती से गैंगरेप,दो आरोपी गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुखानी थाना क्षेत्र अंतर्गत दलित युवती के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। पूरे मामले मेकी जांच करने के बाद पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी है। मुखानी थाना की उप निरीक्षक प्रीति ने बताया कि गत 5 फरवरी के एक दलित युवती से गैंगरेप किए जाने का मामला उनकी संज्ञान में आया था। इस मामले में एक युवक ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उसकी बहन के साथ दो युवकों ने जंगल में गैंगरेप किया है। उसका आरोप है कि 5 फरवरी की शाम आरोपी गौरव जोशी व सुमित रौतेला उसकी बहन को बहला फुसलाकर जंगल की तरफ ले गए जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। घर लौटने पर बहन ने आपबीती परिजनों को बताई। तहरीर के आधार पर पूरे मामले में पुलिस ने जांच पड़ताल कर 7 फरवरी को युवको के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी। गत दिवस दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। मामले की जांच अधिकारी ने बताया कि जांच में पीड़िता की उम्र 20 वर्षीय सामने आई है ऐसे में दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 376 सहित संबंधी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के आदेश के बाद जेल भेजने की कार्रवाई की गई है। पुलिस का कहना है कि जांच पड़ताल के बाद मुकदमा दर्ज किया गया है दोनों आरोपी फरार चल रहे थे जिन को गिरफ्तार किया गया है। पीड़िता और दोनों युवक एक ही गांव के रहने वाले हैं।